# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com इंदौर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024 नगर संस्करण, वर्षः 04, अंकः 247, पृष्ठ : 08, मूल्यः 5.00 रुपए


# सीएम मोहन यादव ने भरे बुजुर्गों के आयुष्मान योजना के संकल्प पत्र

**भोपाल।** भाजपा ने हाल ही में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा-पत्र (संकल्प पत्र) जारी किया है, जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने का वादा किया गया है। इस योजना की शुरुआत रविवार को सीएम डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के शास्त्री नगर हितग्राहियों के घर पहुंचकर की। सीएम ने खुद बुजुर्गों के आयुष्मान योजना के संकल्प पत्र भरवाया। बुजुर्ग हितग्राहियों फार्म भरवाने के बाद सीएम ने कहा कि 70 साल से ज्यादा नागरिक वे चाहे किसी भी जाति के हों, किसी भी वर्ग से हों। सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। पीएम मोदी ने जो गारंटी दी है उसके संकल्प पत्र यानी फॉर्म भरवाने की आज शुरुआत हो रही है। सब मिलकर ये अभियान चला रहे हैं। लाखों बुजुर्गों को इस योजना का लाभ मिलेगा।



### इन बुजुर्गों के सीएम ने भरवारा फार्म

मुख्यमंत्री भोपाल के शास्त्री नगर में 80 वर्षीय भंवरलाल पुरोहित, 74 वर्षीय भवरीबाई पुरोहित, 82 वर्षीय पंकजा पी नायर और 82 वर्षीय मालती गुप्ता के निवास पहुंचकर आयुष्मान लाभ विस्तार अभियान के तहत फार्म भरवाए। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, अभियान की प्रदेश संयोजक सीमा सिंह जादौन, भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी उपस्थित रहे।

### चुनाव के बाद जुड़ेंगे सभी लाड़ली बहनों के नाम

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुना लोकसभा क्षेत्र के बमोरी में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए प्रचार किया। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चिंता मत कीजिए। हम एक भी योजना बंद नहीं करेंगे। लाड़ली बहना योजना के तहत आपको पैसा मिलता रहेगा। चुनाव खत्म होने के बाद योजना में छूटे लोगों के नाम जोड़े जाएंगे। सीएम ने कहा कि 20 साल पहले इस क्षेत्र में डकैतों की बड़ी समस्या थी। कांग्रेस ने यहां के लोगों को छोड़ दिया और क्षेत्र को बदनाम किया। पीएम मोदी के पास पूरे देश में एक भी घर नहीं है, लेकिन वे पूरे भारत के लिए रह रहे हैं।

### हर लोकसभा क्षेत्र में खोला जाएगा मेडिकल कॉलेज

सीएम मोहन यादव ने कहा कि हर लोकसभा क्षेत्र में एक नया मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। आने वाले समय में चीता प्रोजेक्ट से इस क्षेत्र को लाभ मिलेगा। खेती के अलावा सरकार किसानों को दूध उत्पादन पर भी बोनस देगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पहले जो कहते थे, आज कांग्रेस अपने घोषणापत्र में कह रही है कि इस देश पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

### पीएम मोदी की गारंटी का बनेंगे हिस्सा

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम बुजुर्गों के यह फॉर्म भरवाकर मोदी जी की गारंटी का हिस्सा बनेंगे। हमारी सरकार ने इसमें एयर एंबुलेंस की भी सुविधा दी है। बीमारी में मदद देना राम बाण है। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं हुआ जिसने यह सुविधा दी है। सीएम ने चुनाव के अगले 2 चरणों में 29 पार के संकल्प को पूरा करने की अपील की। सीएम ने सभी से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की। सीएम ने कहा- मध्यप्रदेश डबल इंजन की सरकार में तेजी से बढ़ेगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे-पोते के खिलाफ यौन शोषण का केस



**बेंगलुरु।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना और पोते प्रज्वल रेवन्ना पर रविवार को सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस दर्ज हुआ है। एचडी रेवन्ना कर्नाटक सरकार में पूर्व मंत्री रह चुके हैं, जबकि प्रज्वल रेवन्ना हासन लोकसभा सीट से सांसद हैं और जेडीएस उम्मीदवार भी हैं। ये केस उनकी महिला बावर्ची की शिकायत पर होलेनरसीपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार है। जब उसने रेवन्ना परिवार में खाना बनाने का काम शुरू किया, तो उसके चार महीने बाद रेवन्ना ने उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया था। वहीं, प्रज्वल उसकी बेटी को कॉल करके गंदी बातें करता था। महिला ने अपनी शिकायत में ये भी कहा है कि उसके और उसके परिवार की जिंदगी को खतरा है। इधर, प्रज्वल रेवन्ना शनिवार सुबह जर्मनी के लिए रवाना हो गए। प्रज्वल रेवन्ना का नाम एक सेक्स स्कैंडल में भी आया है। कर्नाटक में लोकसभा चुनाव से ठीक दो दिन पहले सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो वायरल हुए। शनिवार (27 अप्रैल) को राज्य के सीएम सिद्धारमैया ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल के गठन का आदेश दिया।

### आप से गठबंधन पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक 28 दिन पहले रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखी। 4 पेज की चिट्ठी में उन्होंने लिखा- दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ है, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद पार्टी ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक, लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही नए अध्यक्ष की घोषणा होगी। कांग्रेस ने 31 अगस्त 2023 को लवली को अध्यक्ष बनाया था। लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। ओखला से कांग्रेस के दो बार के विधायक रह चुके आसिफ मोहम्मद खान ने कहा- पार्टी में मतभेद हो सकते हैं। अगर लवली निराश थे, इस्तीफा देना चाहते थे तो वे चुपचाप मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा सौंप देते। जिस तरह के कारणों का जिक्र उन्होंने खड़गे को भेजी चिट्ठी में किया है, अगर उनकी मंशा खराब नहीं होती तो वे चुपचाप अपना इस्तीफा दे देते। एक तरह से उन्होंने जो पत्र खुले तौर पर मीडिया को जारी किया है, वह सीधे तौर पर बीजेपी को फायदा पहुंचा रहा है।

## कर्नाटक में राहुल और कांग्रेस पर बरसे मोदी, कटक में राहुल ने मोदी और पटनायक को घेरा

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए बीजेपी और कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक में कई सभाएं की और कांग्रेस व राहुल गांधी पर निशाना साधा। वहीं राहुल गांधी ने ओडिशा के कटक की चुनावी रैली में पीएम मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधा।

# कांग्रेस हार वाले भाषण की ड्राफ्टिंग कर रही- मोदी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेलगावी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजा-महाराजा वाले बयान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, भारत के महाराजा अत्याचारी थे। वे गरीबों की जमीन झीन लेते थे। जब मर्जी तब उसे हड़प लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति जी महाराज और रानी चिनम्मा जैसे महान व्यक्तित्व का अपमान किया है। इनका सुशासन, इनकी देशभक्ति आज भी हम सबको प्रेरित करती है। क्या शहजादे को यह पता है? पीएम मोदी ने सवाल किया कि क्या शहजादे को मैसूर राजघराने का योगदान पता है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए दिया गया।

मोदी ने कहा कि ये (कांग्रेस, विपक्ष) पहले जब भी हार जाते थे तो ईवीएम की टोपी पहना देते थे। चुनाव आते ही दिन-रात ईवीएम की माला जपते रहते थे। अब परसों (26 अप्रैल को) सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा चांटा मारा कि वे असमंजस में हैं कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सांत्वना देने के लिए क्या कहेंगे...। अब पूरी कांग्रेस इसकी ड्राफ्टिंग में लगी है कि चुनाव हार जाएं तो क्या बयान देना है।



### नवाबों, निजामों, सुल्तानों की बात पर लग जाता है मुंह पर ताला

पीएम मोदी ने कहा, शहजादे ने तो राजा-महाराजा को बुरा-भला कह दिया। लेकिन भारत के इतिहास में जो अत्याचार नवाबों ने किए, निजामों ने किए, सुल्तानों ने किए... उनकी बात पर तो शहजादे के मुंह पर ताला लग जाता है। बता दें कि राहुल गांधी ने कहा था, राजाओं-महाराजाओं का राज रहा। जो भी वो चाहते, कर देते थे। किसी की जमीन चाहिए तो उसे हड़प लेते थे। वहीं कांग्रेस और हमारे कार्यकर्ताओं ने देश की जनता के साथ मिलकर आजादी प्राप्त की, लोकतंत्र लेकर आए और संविधान दिलवाया। पीएम मोदी ने कहा कि राजा-महाराजाओं को गालियां दे रहे हो। कांग्रेस की तुष्टीकरण की मानसिकता अब खुलकर देश के सामने आ रही है। उन्होंने कहा, हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है।

# मोदी अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं- राहुल

**कटक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा के कटक की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधा। उन्होंने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है। राहुल गांधी ने कटक के सालेपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भले ही बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इसे साझेदारी कहें या विवाह, बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। राहुल गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं।

राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22-25 अरबपतियों की सरकार केंद्र में चलाई वैसे ही यहां नवीन पटनायक चुने हुए लोगों की सरकार चलाते हैं।




### तेलंगाना में भाजपा और बीआरएस ने शादी की थी

राहुल ने कहा कि नवीन पटनायक चुने हुए लोगों की सरकार चलाते हैं। इसका पूरा का पूरा फायदा मुट्ठी भर लोगों का होता है। बाकी जनता देखती रह जाती है। तेलंगाना में भाजपा और बीआरएस शादी की थी। वहां पर हर रोज उनकी बारात निकलती थी। कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में दिखाया कि भाजपा और बीआरएस एक हैं और अगर विपक्ष का कोई काम कर रहा है तो वो कांग्रेस पार्टी कर रही है। राहुल ने कहा कि आज समाज के विभिन्न वर्ग अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। राज्य और केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए योजनाएं लागू की जाएंगी। राहुल ने ओडिशा के लिए पांच गारंटी गिनाई। उन्होंने कहा- ओडिशा में महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए, बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और धान के लिए 3,000 रुपए/क्विंटल।

#### विपक्ष के आरोपों के बीच मोहन भागवत का क्लियर मैसेज

# संघ ने आरक्षण का कभी विरोध नहीं किया...

**हैदराबाद।** आरक्षण को खत्म करने के आरोपों के बीच आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने बड़ा बयान दिया। भागवत ने घोषणा की कि संघ परिवार ने कभी भी कुछ खास समूहों को दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। उन्होंने हैदराबाद में एक शैक्षणिक संस्थान में एक कार्यक्रम में कहा कि संघ का मानना है कि जब तक जरूरत हो, आरक्षण को जारी रखा जाना चाहिए। विपक्ष की ओर से लगातार आरोप लगाया जा रहा है कि मोदी सरकार अपने तीसरे टर्म में आरक्षण को खत्म कर देगी। हैदराबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि संघ परिवार ने कुछ समूहों को आरक्षण देने का कभी विरोध नहीं किया है। संघ का मानना है कि आरक्षण तब




तक दिया जाना चाहिए जब तक कि इसकी जरूरत है। आरएसएस प्रमुख भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि भेदभाव समाज में व्याप्त है, भले ही यह दिखाई न देता हो।

## बड़वानी में स्कूल में 12वीं में सभी बच्चे फेल

### एजुकेशन विभाग ने लिया एक्शन, हटाया पूरा स्टाफ


**बड़वानी।** बड़वानी जिले के पानसेमल ब्लॉक के मलफा में अजीब मामला सामने आया है। यहां कक्षा 12वीं में परीक्षा देने वाले सभी विद्यार्थी फेल हो गए हैं। इसके अलावा पिपरानी के हाई स्कूल में भी 10वीं कक्षा के सारे विद्यार्थी फेल हो गए हैं। इस मामले में अब बड़ा एक्शन लिया गया है। दरअसल, हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) के एग्जाम के रिजल्ट सामने आए हैं। इसमें पानसेमल ब्लॉक के मलफा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में क्लास 12वीं के सभी 85 विद्यार्थी फेल हो गए हैं। इसी तरह हाई स्कूल पिपरानी के क्लास 10वीं के 41 में से 41 बच्चे फेल हो गए। पानसेमल के ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर अरुण मिश्रा ने मलफा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में कक्षा 12 में आर्ट्स और साइंस के कुल 89 विद्यार्थी हैं। इनमें से 85 ने परीक्षा दी थी लेकिन सभी फेल हो गए। 81 फेल हो गए हैं, चार को सप्लीमेंट्री आई है। स्कूल के स्टाफ को हटाया गया है।



#### अमीर मंदिर | सोने की कीमत में रिकॉर्ड तेजी के बावजूद तिरुपति बालाजी के भक्त जमकर कर रहे दान

# सरकार को तिरुपति से मिला 11,329 किलो सोना, 18,817 करोड़ कैश...

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में रेकॉर्ड तेजी के बावजूद तिरुपति बालाजी के भक्तों ने पिछले साल जमकर दान दिया। दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर को साल 2023 में 1,031 किलो सोने का चढ़ावा मिला जिसकी कीमत करीब 773 करोड़ रुपये है। तिरुपति ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है। ट्रस्ट ने इसे गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम के तहत विभिन्न बैंकों में जमा कर रखा है। तिरुपति के भक्त चढ़ावे के रूप में कैश और गोल्ड देना पसंद करते हैं। साथ ही मंदिर से जुड़े विभिन्न ट्रस्टों ने बैंकों में 13,287 करोड़ रुपये एफडी के रूप में जमा किए हैं जिस पर सालाना 1,600 करोड़ रुपये का ब्याज मिलता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के पास रेकॉर्ड 18,817 करोड़ रुपये का कैश बैलेंस है।



### कैसे होती है मंदिर की कमाई

ट्रस्ट को प्रसादम की बिक्री से 600 करोड़ रुपये की कमाई होने का अनुमान है। इसी तरह दर्शन टिकट से 338 करोड़ रुपये, कर्मचारियों को दिए गए लोन और एडवांसेज से 246.39 करोड़ रुपये की उम्मीद है। ट्रस्ट को 129 करोड़ रुपये अन्य पूंजी प्राप्तियों से, 150 करोड़ रुपये अर्जित सेवा टिकट से, 151.5 करोड़ रुपये कल्याणकत्ता रिसीट से और 147 करोड़ रुपये कल्याण मंडपम रिसीट से मिलने का अनुमान है। साथ ही ट्रस्ट रिसीट से 85 करोड़ रुपये, रेंट, इलेक्ट्रिक और अन्य रिसीट के रूप में 60 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी तरह टोल फी कलेक्शन के रूप में 74.5 करोड़ रुपये और 35.25 करोड़ रुपये पब्लिकेशन रिसीट के रूप में मिलने का अनुमान है। इसी तरह चढ़ावे के रूप में 1,611 करोड़ रुपये मिलने की संभावना है।

### कैसे खर्च करता है ट्रस्ट

बजट के मुताबिक ट्रस्ट 1,733 करोड़ रुपये एचआर पेमेंट्स के रूप में खर्च करेगा जो पूरे साल के हुंडी कलेक्शन से 122 करोड़ रुपये ज्यादा है।

### 1,161 करोड़ रुपए की एफडी

तिरुपति बालाजी मंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इस साल 1,161 करोड़ रुपए की एफडी कराई है जो पिछले 12 साल में सबसे ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 12 साल में केवल तीन बार ही ट्रस्ट के द्वारा कराई गई एफडी की रकम 500 करोड़ रुपये से कम रही। साल 2021 और 2022 में कोरोना महामारी के कारण मंदिर की कमाई प्रभावित हुई थी। ट्रस्ट ने 2024-25 के लिए 5,141.74 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। यह पहला मौका है जब ट्रस्ट का बजट 5,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचा है।

# मई में 70 हजार के आस पास आ जाएंगे सोने का दाम

**इंदौर।** इंदौर मार्केट में सोने के भाव में बढ़त के बाद अब गिरावट आना शुरू हो गई है। वहीं चांदी के रेट में भी कमी देखी जा रही है। दरअसल इजराइल और ईरान के बीच युद्ध टलते दिखने का असर सोना-चांदी मार्केट पर पड़ा है। जिस रफ्तार से सोना उछला था, अब उसमें रिवर्स गियर लगा है। चार दिन से लगातार सोने का भाव गिरा है। 17 अप्रैल को सोना पहली बार 75 हजार की रिकॉर्ड कीमत को पार कर गया था। लेकिन, अब वापस 72 हजार रुपए पर आ गया है। इंदौर के सराफा व्यापारियों का कहना है कि अभी सोने के भाव में गिरावट का यह दौर जारी रहेगा। मई के दूसरे हफ्ते तक सोने के भाव 70 हजार के आस पास आ सकते हैं। हालांकि, इस साल के आखिर में आते-आते सोना महंगा ही होगा। भाव 80 हजार के पार जाने का अनुमान जताया है।



### मुनाफा वसूली की बिकवाली बढ़ी

जानकारों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में निवेशकों और सटोरियों की मुनाफा वसूली की बिकवाली बढ़ने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट हो रही है। वहीं इजराइल और ईरान के बीच युद्ध टलता दिख रहा है। जिस वजह से मिडिल ईस्ट में पॉलिटिकल क्राइसिस में सुधार देखा जा रहा है। जिससे सोने के भाव में बढ़ोतरी रुकी हुई है। सराफा व्यापारियों का मानना है कि सोने के भाव 75 हजार तक जाने की वजह से ग्राहकी कमजोर होने और डिमांड गिरने से भाव में लगातार गिरावट देखी जा रही है। सोने के प्रीमियम में तेजी से गिरावट आई है। सोने का प्रीमियम 1050 रुपए प्रति 10 ग्राम हो चुका है। प्रीमियम में कमी की वजह से भी भाव में गिरावट देखी गई है।

### मई के तीसरे हफ्ते में आएगी तेजी

इजराइल में युद्ध के बाद सोने-चांदी की मांग तेजी से बढ़ रही थी। दूसरी ओर भारत में त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में भारत में भी इन धातुओं की मांग तेजी से बढ़ने की संभावना है। जिस कारण सोना-चांदी की कीमत में बड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। व्यापारियों का अनुमान है कि मई के तीसरे हफ्ते में सोने के भाव में फिर तेजी देखने को मिलेगी। इंदौर सराफा व्यापारी एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष बसंत सोनी ने बताया इस बात की संभावना ज्यादा है कि 2024 के आखिर तक सोने की कीमत 80 हजार रुपए तक तक पहुंच सकती है। वैसे गोल्ड प्राइस में बड़ी गिरावट की संभावना कम ही है। अगर गिरावट आती है तो भी सोना 70 हजार के भाव से नीचे नहीं आएगा।

### 2023 में 16 प्रतिशत की आई थी तेजी

2023 में सोना 8 हजार रुपए से ज्यादा महंगा हुआ था। 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16 ) की तेजी आई थी। वहीं अप्रैल 2023 में सोने का भाव 59 हजार रुपए के पार चला गया था। यानी जनवरी से अप्रैल के बीच में ही सोना लगभग 5 हजार रुपए महंगा हो गया था।

### एक हफ्ते से गिरावट का दौर

इंदौर में सोने के भाव में पिछले एक हफ्ते से गिरावट का दौर जारी है। शुक्रवार को छोड़कर हफ्ते के सभी 5 दिन सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इंदौर में एक हफ्ते में सोने के भाव में करीब 2800 से 2850 रुपए की गिरावट देखने को मिली है।

### 10 दिन में आएगी 6 से 7 प्रतिशत की गिरावट

इंदौर के सराफा कारोबारियों कहना है कि आने वाले 10 दिन में सोने में 6 से 7 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलेगी। 17 अप्रैल को सोने के भाव जब 75 हजार पार पहुंचे थे, उसके दो-तीन दिन बाद से ही सोने में गिरावट शुरू हो गई थी। सोने में अब तक 2 से 3 प्रतिशत की गिरावट देखी जा चुकी है। अगर यही ट्रेंड रहा तो सोने के भाव मई के दूसरे हफ्ते तक 6 से 7 प्रतिशत गिरावट के साथ 70 से 71 हजार के पास पहुंच जाएंगे।

## वर-वधु ने लिया पानी की फिजूलखर्ची रोकने के लिए आठवां फेरा



**इंदौर।** श्री अग्रसेन महासभा की मेजबानी में रविवार को बायपास स्थित महासभा के मांगलिक भवन पर समाज के जरूरतमंद परिवारों के दो बेटों का मंगल परिणय समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। दोनों युगलों ने इस मौके पर महासभा के चमेलीदेवी मन्नालाल गोयल सभागृह में आगामी लोकसभा एवं अन्य सभी चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करने के साथ ही आठवां फेरा ग्रीष्म काल में पानी की फिजूलखर्ची रोकने और परिंदों के लिए दाना-पानी रखने के संकल्प के साथ लिया। दोनों युगलों को पूरे रीति-रिवाज से उपहारों सहित विदाई दी गई। श्री अग्रसेन महासभा के अध्यक्ष सीए एस. एन. गोयल, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल कोल एवं प्रमुख संयोजक कैलाश नारायण बंसल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी रामनारायण अग्रवाल, भोलाराम राखोड़ीवाले, विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, पी.डी. अग्रवाल, मोहनलाल बंसल सहित महासभा के पदाधिकारियों ने इंदौर के सौरभ गर्ग और अजमेर की हर्षिता तथा वैभव अग्रवाल और खातेगांव की निकिता को सामाजिक सरोकारों की शपथ दिलाई। इसके पूर्व सुबह संयोजक अरुण आष्टावाले, राजेश बंसल एवं अनूप सिंघल ने इस्कान मंदिर पर बरातियों का स्वागत किया। बैंड-बाजों सहित वर-बधुओं का चल समारोह निकाला गया, जिसमें मेहमानों के साथ महासभा के सदस्य भी नाचते-गाचे हुए शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस विवाह उत्सव में भागीदार बनीं।

**सेवा से आनंद का सफर ध्येय वाक्य:** महासभा के नए पदाधिकारियों ने इस वर्ष सेवा से आनंद का सफर ध्येय वाक्य तय किया है, लिहाजा समाज के इन दो परिवारों की मदद के उद्देश्य से यह परिणय महोत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अजय मोतीलाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजेश मित्तल, गोपालदास गुप्ता, नेमीचंद जैन, अरुण जैन, महेश अग्रवाल ने जहां सभी बरातियों का स्वागत किया, वहीं राजेश जिंदल, सतीश मंगल, प्रकाश अग्रवाल, प्रकाश राखोड़ीवाले, श्याम सुंदर मोदी, विनोद नागोरी, राममनोहर गोयल, नंदकिशोर कंदोई, मदनलाल गरोठवाले आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। सुबह से शाम तक चले इस उत्सव में महासभा के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। संयोजक अरुण आष्टावाले ने आभार माना।

## महादेव मंदिर में पूजन कर लालवानी ने शुरू किया जनसंपर्क

### विधानसभा चार के वार्ड 82 से जनसंपर्क की शुरुआत

**इंदौर** । बीजेपी के सांसद प्रत्याशी शंकर लालवानी ने श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा कर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक मालिनी गौड़ के साथ अपने जनसंपर्क की शुरुआत विधानसभा चार के वार्ड 82 से की । इस दौरान बड़ी संख्या में युवा , महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक भी मौजूद रहे । कई मंचों से लालवानी का स्वागत किया गया। लालवानी ने कहा कि विधानसभा चार इंदौर की अयोध्या है और इस विधानसभा से लोकसभा चुनाव में जीत का इतिहास बनाया जाएगा ।

शंकर लालवानी का जनसंपर्क विधानसभा चार के वार्ड 82 में शुरू हुआ इस दौरान महिलाएं राजस्थानी परिवेश में आई जो आकर्षण का केंद्र रहीं। शंकर लालवानी ने विधानसभा चार में वार्ड 82, 85, 84 ,72 ,66 ,73 और 65 में जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद लेते हुए इंदौर को मतदान प्रतिशत में भी नंबर वन बनाने की अपील की । इस अवसर पर एकलव्य गौड , महापौर परिषद सदस्य राकेश जैन, लोकसभा जनसंपर्क प्रभारी



मुकेश राजावत, समन्वयक विशाल गिदवानी, सतीश शर्मा, अनंत पंवार , विधानसभा संयोजक श्री महेश कुकरेजा , प्रभारी श्री वीरेंद्र शेडगे, पार्षद शानू शर्मा, अजय बड़जात्या ,संजय मोटवानी , राजेंद्र गोयल , गोल्डी काले , गौरव निगोस्कर , विजय पाठक , कमल नारंग , प्रभारी दिपक अग्रवाल, बंशीवाल चौरसिया पार्षद कंचन गिदवानी, कमलेश कालरा,गुरदीप कौर, मारिया महूवाला,वार्ड संयोजक संजय मोटवानी, पवन शर्मा, बंटी सोलंकी, दयाल बजाज, सुयश रेखी वार्ड प्रभारी केशव वर्मा, सुनिल केसरवानी, ईस्माल भाई , वरिष्ठ नेता पदम चांद मोदी , विष्णुदेव जोशी , ज्ञान व्यास , जयंत जोशी , सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टक्कर मारने के बाद युवक के ऊपर से निकाली कार, 25 फीट तक घसीटा

**इंदौर।** इंदौर में एक कार ने दंपती को टक्कर मारी और बाद में जब महिला का पति कार चालक से बात करने गया तो उसने पति पर ही गाड़ी चढ़ा दी। इसके बाद वह उसके ऊपर से कार निकालता हुआ ले गया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पहले पुलिस ने सामान्य धाराओं में केस दर्ज किया था लेकिन वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने धाराएं बढ़ाई हैं। कार एमपी09 सीएक्स 9583 महेश सोजीराम दांगी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पता नेहरू नगर इंदौर का है। आरोपी फरार है।



घायल किशोरी लाल जेसीबी ड्राइवर है। परिवार में पत्नी और तीन बेटे सत्यम, शिवम और सुंदर है। सत्यम जॉब करता है। दो छोटे भाई पढ़ाई कर रहे हैं। 21 अप्रैल की शाम मालवा मिल से पाटनीपुरा के बीच यह घटना हुई। किशोरी लाल कुशवाह (44) पत्नी आशा के साथ बाइक से बाजार जा रहे थे तभी पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से पत्नी आशा बाइक से गिर गई। किशोरी लाल ने उसे उठाया और कार की तरफ बढ़ा। कार चालक गाड़ी आगे बढ़ाने लगा तो किशोरी लाल ने बोनट पकड़ लिया। इसके बाद भी उसने कार नहीं रोकी और वह किशोरीलाल को घसीटता हुआ आगे बढ़ता गया। वह किशोरीलाल को करीब 25 फीट दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। इसके बाद कार लेकर फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों ने किशोरी लाल के मोबाइल से परिवार को सूचना दी। बेटा सत्यम व अन्य रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। किशोरी लाल को एम्बुलेंस से एमवाय हॉस्पिटल ले जाया गया। उनके एक पैर की हड्डी फ्रैक्चर हुई है। पत्नी को मामूली चोट आई है। किशोरी लाल ने बताया कि स्कॉर्पियो ड्राइवर ने जैसे ही मुझे चपेट में लिया उसके बाद मुझे होश ही नहीं था। हॉस्पिटल में एडमिट होने के कुछ समय बाद मुझे होश आया। मुझे ठीक होने में काफी समय लगेगा। टक्कर के बाद मैं कार चालक से बात करने गया था लेकिन उसने फिर मुझे घायल कर दिया।

## प्रदेश में 11 मई को नेशनल लोक अदालत, होगा विवादों का निराकरण

**इंदौर।** प्रदेश के इंदौर सहित जबलपुर और ग्वालियर खंडपीठ में नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 मई 2024 को आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले, वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किए जाएंगे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **पंकज पटवा, नीरज पटवा** , पिन **1001213287** झोन क्र. 15। **पता- 17 ऊषा नगर मेन रोड़ इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.03.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमति हर्षा वाघ, अनुश्री लाड़** , पिन **1001208778** झोन क्र. 15। **पता- 77 ऊषा नगर इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.03.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमति हर्षा वाघ, अनुश्री लाड़** , पिन **1001205280** झोन क्र. 15। **पता- फ्लेट न. 302 प्रज्ञा अर्पा. 420 ऊषा नगर इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.03.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्री धीरज जैन पिता स्व. श्री पुष्पचंद जी जैन, श्रीमति प्रिया जैन पति श्री धीरज जैन** , पिन **1001239812** झोन क्र. 15। **पता- 20- आर.एक्स .सेक्टर सी स्कीम न. 71 इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.03.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 15 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री धीरज पित दत्तात्रय दापोरकर, निशांत पिता दत्तात्रय दापोरकर** द्वारा झोन क्रमांक 11 राजस्व विभाग पर पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता 25 सी सांई नाथ कालोनी** इंदौर के नाम पर दर्ज संपत्ति का नामातंरण चाहा गया है। पिन **1001108428** इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **29.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 11 (राजमाता सिंधिया स्टेडियम झोन) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 11 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री शेखर पिता श्री किशनलाल अन्डेल, श्रीमति रजनी पति शेखर अन्डेल** झोन क्रमांक 5 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री वसीयतनामा, वारिस नाते, दान पत्र अनुसार प्रस्तुत कर मकान/ प्लॉट **पता-7/9/19 मेघदूत नगर योजना क्र. 54 इन्दौर** पर नामांतरण चाहा गया है। पिन नं. **1000939860** इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक **29.04.2024** से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो जोन क्रमांक 5 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अवधि पश्चात वह बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 5, इ.न.पा. नि. इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **दाऊदी बोहरा जमाद ट्रस्ट, मसाकिन ए सैफिया तर्फे हातिम अली बजीही** विक्रेता **बतुल पति तैय्यब मुरब्बी** पता **51 मसाकीन ए सैफिया कालोनी बिजलपुर इंदौर** , पिन **1001175681** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **दाऊदी बोहरा जमाद ट्रस्ट, मसाकिन ए सैफिया तर्फे हातिम अली बजीही** विक्रेता **तसनीम मुरब्बी, जौहर अली मुरब्बी** पता **52 मसाकीन ए सैफिया कालोनी बिजलपुर इंदौर** , पिन **1001175683** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **विजय मेवलदास मंधान** विक्रेता **वैष्नवी काकवानी** पता **94 स्कीम न. 97 पार्ट -2 तेजपुर गडबड़ी इंदौर** , पिन **1004571336** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **प्रीति राकेश बकावले** विक्रेता **अनुभव सुनील दुबे** पता **सर्वे न. 81/2 व अन्य सरल क्र. 54 ग्राम बिलावली इंदौर** , पिन **1003020474** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **मनीष प्रकाश चंद्र बजाज , नीता प्रकाशचंद्र बजाज** विक्रेता **सोहनलाल वरदानमल बजाज** पता **6 विष्णुपुरी कालोनी जी-1 दीपशिखा अर्पा. इंदौर** , पिन **1001142295** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **राजेश कुमार वर्मा, सविता राजेश वर्मा** विक्रेता **शक्ति हतागले** पता **166 स्कीम न. 97 अहिल्या नगर इंदौर** , पिन **1001200475** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 80 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **लखन राधाकृष्ण मुकाती** विक्रेता **मोहन पिता गोविंद मुकाती** पता **470/1 पटवारी हल्का न. 16 पैकी बिजलपुर इंदौर** , पिन **1003973055** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **अमित पिता बाबूलाल जायसवाल, जयंती बाई जायसवाल** विक्रेता **गुरप्रीत सिहं सलुजा** पता **38 बीटीसी एवेन्यु जी-2 श्रीकृष्ण एवेन्यु फेस-1 इंदौर** , पिन **1004457367** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

# मृदुभाषी
सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com इंदौर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024 नगर संस्करण, वर्षः 04, अंकः 247, पृष्ठ : 08, मूल्यः 5.00 रुपए


# कम हुआ यशवंत सागर का जलस्तर, फिर भी जून तक साथ देगा तालाब

**इंदौर।** गर्मी के मौसम में शहर के तालाबों का जलस्तर भी कम हो गया है। इंदौर के बड़े हिस्से की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर तालाब का जलस्तर 15 फीट है। जो जून माह तक के लिए पर्याप्त है। इससे होने वाली सप्लाई प्रभावित नहीं होगी। इस तालाब की क्षमता 19 फीट है। पिछले साल बारिश में यह तालाब लबालब भर गया था।

यशवंत सागर तालाब से एरोड्रम और बाणगंगा क्षेत्र की पांच टंकियां भरी जाती हैं। प्रतिनिधि 30 एमएलडी पानी की सप्लाई होती है। यशवंत सागर के अलावा बिलावाली तालाब से भी जलापूर्ति होती है। अप्रैल माह की शुरुआत में शहर के बोरिंगों का जलस्तर कम हो गया है और पानी की डिमांड भी बढ़ गई है। इसे देखते हुए नगर निगम ने 300 टैंकरों से शहर के 89 वार्डों में जल वितरण शुरू किया है। इनमें नगर निगम के 80 टैंकर है, बाकि किराए पर लेकर लगाए गए है।



## पांच टंकियों में पहुंच रहा तालाब का पानी

यशवंत सागर तालाब से पल्हर नगर, बीएसएफ, महाराणा प्रताप नगर, कालानी नगर और बाणगंगा टंकी को भरा जा रहा है। इसके अलावा कुछ इलाकों में सीधी सप्लाई भी हो रही है। अफसरों ने कहा कि तालाब में पर्याप्त पानी है। इंदौर में मानसून जून में आ जाता है। तब तक तालाब से जलापूर्ति हो सकेगी। इस तालाब का पानी सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में भी पहुंचाया जा रहा है। आईटी कंपनी टीसीएस और इंफोसिस कैम्पस को भी तालाब से पानी दिया जा रहा है।

## यह है तालाबों का जलस्तर की स्थिति

| तालाब | जलस्तर | क्षमता |
|---|---|---|
| यशवंत साागर | 15 फीट | 19 फीट |
| बिलावली | 26 फीट | 34 फीट |
| छोटा बिलावली | 5 फीट | 12 फीट |
| बड़ा सिरपुर | 10 फीट | 16 फीट |
| छोटा सिरपुर | 8 फीट | 14 फीट |
| पिपलियापाला | 13 फीट | 16 फीट |

## नर्मदा से आता है 500 एलएलडी से ज्यादा पानी

इंदौर शहर में नर्मदा के तीनों चरणों से 450 एमएलडी से ज्यादा पानी आता है। इसके अलावा यशवंत सागर और बिलावली तालाब से 35 एमएलडी पानी आता है। शहर के सार्वजनिक बोरिंगों से 15 एमएलडी पानी मिल जाता है। इस माह नर्मदा लाइन फूटने और पंप बंद होने के कारण पांच बार जलूद से जलापूर्ति प्रभावित हुई। शहर में कई निजी बोरिंग है। गर्मी के दिनों में कई बोरिंग सूख जाते है, तो कई बोरिंगों का पानी कम हो जाता है। इस कारण टैंकरों से जल वितरण की डिमांड बढ़ जाती है।

## ब्रीफ न्यूज़

### पीथमपुर में होटल के बंद कमरे में मिला युवती का शव, युवक हिरासत में

**पीथमपुर।** थान सेक्टर एक के अन्तर्ग टाटा केमिकल चौराहे पर स्थित होटल वाटिका के कमरे में एक युवती की लाश पंखे से लटकी हुई मिली। पुलिस ने होटल का दरवाजा तोड़कर 24 वर्षीय युवती का शव नीचे उतारा। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। प्रेमी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।एसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि 24 वर्षीय युवती की फांसी लगाने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी होटल वाटिका पहुंच थे। वाटिका होटल के रूम नंबर 103 के दरवाजे को पुलिस ने तोड़ा तो बंद कमरे में 24 वर्षीय युवती का शव दुपट्टे के सहारे पंखे पर टंगा मिला। युवती जुनैद नाम के युवक के साथ होटल में रुकी थी। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की।युवक व युवती महूगांव जिला इंदौर के निवासी थे। युवती हिंदू समुदाय से है। दोनों एक दूसरे को पांच से ज्यादा वर्षों से जानते थे। साथ-साथ महू कॉलेज में पढ़ाई के दौरान दोनों में प्रेम हो गया व अक्सर होटल में समय बिताने लगे। युवती ने जुनैद पर शादी का दबाव भी बनाया था जिसे जुनैद किसी न किसी बहाने से टाल देता था। जिससे दुखी होकर रविवार को युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह भी बताया की दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी उनके परिजनों को थी। जुनैद पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने और दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज किया गया हे।

### लोकसभा चुनाव की ट्रेनिंग में अनुपस्थित रहे 208 कर्मचारियों को नोटिस

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को होने वाले मतदान के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ट्रेनिंग चल रही है। इसमें अनुपस्थित रहने पर 208 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। दरअसल मतदान दल के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी-1 के लिए 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक ट्रेनिंग आयोजित की गई थी। इनमें 152 अधिकारी-कर्मचारी बिना कारण बताए नहीं पहुंचे। इसी तरह मतदान अधिकारी-2 और मतदान अधिकारी-3 का 22 से 23 अप्रैल तक ट्रेनिंग आयोजित की गई थी। इनमें भी 56 कर्मचारी नहीं पहुंचे। इन लोगों ने अपने नहीं आने की सूचना भी नहीं दी। एडीएम सपना लोवंशी ने इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

### बारूद तौलते समय बाट गिरने से लगी थी महू की पटाखा फैक्ट्री में आग

**इंदौर।** महू के आम्बाचंदन गांव की पटाखा फैक्ट्री में आग लगने की घटना की मजिस्ट्रियल जांच पूरी हो गई है। जांच में पता चला कि फैक्ट्री में बारुद तौलने के लिए बाट उपयोग में लाया जाता था। उसके जमीन पर गिरने से उठी चिंगारी से बारुद में आग लगी थी और फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जांच में फैक्ट्री की अन्य खामियों का भी उल्लेख किया गया। इस रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इंदौर के समीप महू के आम्बाचंदन गांव में 16 अप्रैल को पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था। जिसमें तीन कर्मचारी झुलस गए थे। उपचार के दौरान उनकी एमवाय अस्पताल में मौत हो गई। जांच में बताया गया कि कर्मचारी रोहित परमानंद, अर्जुन राठौर और उमेश चौहान एक कमरे में काम कर रहे थे। वे सुतली बम बना रहे थे। कमरे में कच्चे माल के रुप में सुतली,सल्फर, एल्युमिनियम पाउडर और अन्य सामग्री रखी थी। तब तराजू पर रखा बाट जमीन पर गिर पड़ा।

**नगर निगम में फर्जीवाड़ाः** पुख्ता सबूत मिलने के बाद पुलिस ने तीन नई एफआईआर दर्ज की

# इंदौर में 125 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले में पड़े छापे

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के नगर निगम में सवा सौ करोड़ के फर्जी बिल घोटाले मामले में इंदौर पुलिस ने आरोपियों की धर-पकड़ शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने सबसे पहले निपानिया में बने निगम ठेकेदार राहुल बढेरा के घर दबिश दी। इसके बाद मदीना नगर में रह रहे मोहम्मद सिद्दीकी के घर पहुंची। आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत मिलने के बाद शुक्रवार को पुलिस ने तीन नई एफआईआर दर्ज की थी ताकि आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सके।

दरअसल, इंदौर नगर निगम में हुआ फर्जी बिल का यह घोटाला सवा सौ करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। 5 कंपनियों जिसमें नींव कंस्ट्रक्शन, ग्रीन कंस्ट्रक्शन, किंग कंस्ट्रक्शन, क्षितिज इंटरप्राइजेज और जाह्नवी इंटरप्राइजेज ने 7 सालों में करीब सवा सौ करोड़ रुपए के 188 से अधिक बिल वित्त विभाग में प्रस्तुत किए जिसमें 168 बिलों के करीब 79 करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है।



## पुलिस का निगम अधिकारियों पर शिंकजा

सवा सौ करोड़ के फर्जी बिल घोटाले में पुलिस अब नगर निगम के कर्मचारियों-अधिकारियों पर शिकंजा कस रही है। लेखा, ड्रेनेज और आडिट विभाग वालों से पूछताछ चल रही है। इंजीनियर स्तर के अधिकारी भी संदेह के दायरे में है। सूत्रों के मुताबिक ड्रेनेज विभाग में बैठे इन इंजीनियरों के हस्ताक्षरों से ही फाइलें आगे बढ़ी हैं।

## एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने कराई एफआईआर

एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सुनील गुप्ता ने शुरुआत में 28 करोड़ 76 लाख रुपये के ड्रेनेज घोटाले की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। गुप्ता ने पुलिस को फोटो कॉपी मुहैया करवाई और कहा था कि असल फाइलें कार से चोरी हो गई हैं। जिसके बाद बैंक स्टेटमेंट के आधार पर एमजी रोड पुलिस ने तीन बार में 16 फाइलें जब्त की जिनमें लगभग 21 करोड़ रुपयों का घोटाला हुआ था। ये सभी फाइलें वर्ष 2016 से 2018 के बीच की है और उन अधिकारी-बाबुओं के हस्ताक्षर हैं जो 28.76 लाख के घोटाले में शामिल थे।

## तीन ठेकेदारों की जमानत खारिज

शुक्रवार को तीन ठेकेदार मोहम्मद सिद्दीकी ग्रीन कंस्ट्रक्शन, मोहम्मद जाकिर किंग कंस्ट्रक्शन और मोहम्मद साजिद नींव कंस्ट्रक्शन की हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपियों के वकील ने कहा कि फाइलें ठेकेदारों द्वारा पेश नहीं की गई, न उन्होंने दस्तावेज बनाए। जबकि पुलिस द्वारा पेश रिपोर्ट में बताया कि ठेकेदारों ने करोड़ों रुपये खातों में लिया है। पुलिस को शक है एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी विदेश भाग गए हैं।

## शुक्रवार देर रात एफआईआर दर्ज


एमजी रोड पुलिस ने फर्जी बिल बनाकर नगर निगम में पेश करने के मामले में शुक्रवार देर रात एक और एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस ने इसमें तीन आरोपी बनाए हैं। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक मोहम्मद साजिद, निवासी खजराना नगर, मोहम्मद सिद्दीकी, निवासी मदीना नगर और राहुल वडेरा निवासी आशीष नगर को आरोपी बनाया है। तीनों पर शुक्रवार देर रात धारा 420 सहित धोखाधड़ी की अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

## निगम की समिति भी कर रही जांच

पुलिस के साथ ही निगम की आंतरिक समिति भी जांच कर रही है। बीते 10 सालों में इन फर्मों को कितना भुगतान हुआ है। उन सभी कामों का भौतिक सत्यापन भी करवाया जा रहा है। 188 में से 10 फाइलें जनकार्य, उद्यान सहित अन्य विभागों की बताई जा रही हैं। हैरानी यह है कि इन फर्मों को सारा भुगतान हो चुका है जबकि कई ऐसे भी ठेकेदार हैं जो पिछले भुगतान के लिए निगम के चक्कर लगा रहे हैं। वर्ष 2022 के पहले इन पांचों फर्मों ने अपना सारा भुगतान निगम से ले लिया।

# धार भोजशाला को लेकर आज कोर्ट में होगी सुनवाई

**समय बढ़ाने वाले आवेदन पर होगी बहस**



**इंदौर।** हाईकोर्ट इंदौर के आदेश के बाद धार की भोजशाला में चल रहे आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया द्वारा किए जा रहे सर्वे का रविवार को 38वां दिन था। 22 मार्च से शुरू हुआ सर्वे में लगातार जारी हैं, एएसआई की टीम के 20 अधिकारी 37 मजदूरों के साथ भोजशाला पहुंचे। सर्वे के दौरान कई प्राचीन अवशेष भी मिले हैं जिन्हें विभिन्न तकनीकों के माध्यम से जांच कर एएसआई की टीम ने संरक्षित कर लिया है, साथ ही इस दौरान हिन्दू पक्षकार ओर मुस्लिम पक्षकारों ने सर्वे को लेकर कई दावे भी किए। एएसआई की टीम को सोमवार को अपने अभी तक के सर्वे के कार्य का ब्योरा कोर्ट में पेश करना है। वहीं कोर्ट में सर्वे का समय 8 सप्ताह ओर बढ़ाने की मांग को लेकर सौंपे गए आवेदन पर भी निर्णय आना है।

हिन्दू पक्षकार गोपाल शर्मा ने बताया कि पिछले दो दिनों से हैदराबाद से आये विशेषज्ञ भोजशाला, कमाल मौलाना दरगाह परिसर ओर 50 मीटर के दायरे में उपकरणों से जांच के लिए स्थान चिह्नित कर रहे हैं। इस सप्ताह एक मशीन आने वाली है जो भोजशाला, कमाल मौलाना दरगाह परिसर ओर 50 मीटर के दायरे में कच्चे व पक्के स्थानों पर प्राचीन अवशेषों का पता लगाएगी। साथ ही कहा कि सोमवार को हाई कोर्ट इंदौर में सुनवाई होना है, एएसआई की टीम ने भोजशाला के सर्वे का समय बढ़ाने के लिए 8 सप्ताह का समय ओर मांगा है जिसका निर्णय भी होना है।

**यह कहना है मुस्लिम पक्ष का**

अब्दुल समद खान ने बताया कि अब तक चले सर्वे में हमारा पूरा सहयोग रहा लेकिन सर्वे में जो चीजे विरुद्ध गई है। न्यायालय ने आदेश दिया था उसके बाद जो चीजे की गई है उसमें हमे आपत्ति थी और हमने आपत्तियां दर्ज कराई है, इन सभी मामलों में हमारे वकील सोमवार को होने वाली सुनवाई में तर्क देंगे। साथ ही कहा कि एएसआई द्वारा सर्वे के समय को बढ़ाने के लिए जो आवेदन दिया है, उसमें भी हम कोर्ट में आपत्ति दर्ज कराएंगे, क्योंकि सर्वे में जो गड्ढें खोदे गए है वो अब भी खुले पड़े है गड्ढों में पानी नहीं भरे ऐसा कोई इंतजाम नही किया जिससे मॉन्युमेंट को खतरा है, इन्ही चीजों को लेकर कल हम कोर्ट में जाएंगे।

**सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा** | **बागेश्वरधाम सरकार बोले- रणजीत बाबा के सामने शीश झुकाने से सारे संकट दूर होंगे**

# पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बोले- इंदौर साधारण जगह नहीं, यह अद्भुत भूमि

**इंदौर।** बागेश्वरधाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रविवार को आईटीआई रोड स्थित मां कनकेश्वरी देवी परिसर में कथा शुरू की। उन्होंने कहा कि इंदौर कोई साधारण जगह नहीं है, यह अद्भुत भूमि है। एक तरफ महाकाल तो दूसरी तरफ ओंकारेश्वर विराजमान हैं। इंदौर में रणजीत हनुमान मंदिर, खजराना गणेश और अन्नपूर्णा मंदिर प्रसिद्ध है। हमें गौरव है कि हम इंदौर आए हैं, कोई भी व्यक्ति परेशानी, संकट में हो वो रणजीत बाबा के सामने शीश झुका दे, वो सारे रण को जीत लेते हैं। इसके पूर्व बागेश्वरधाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सान्निध्य में मुख्य यजमान अक्षत रामचंद्र चौधरी ने व्यासपीठ पर वेद मंत्रों के बीच पूजन करके श्रीमद् भागवत को विराजित किया। व्यासपीठ का पूजन विधायक रमेश मेंदोला, सूरज रजक, नवीन गोधा, दीपक गुप्ता, नितेंद्र चौबे ,नितिन रोचलानी ने किया।



## भगवान जिनको चुनते हैं वे कथा में आते हैं

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण सौभाग्य से मिलता है। भगवान की लीलाओं का दिव्य दर्शन कथा के माध्यम से होता है। भवसागर से पार जाने के लिए श्रीमद् भागवत का श्रवण जीवन का अमूल्य क्षण है। जनता जिनको चुनती है वह चुनाव जीतते हैं और लोकसभा-विधानसभा में पहुंचते हैं, लेकिन भगवान जिनको चुनते हैं और श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने चले आते हैं।

## जहां भक्त की हां वहां भगवान हैं

शास्त्रीजी ने कहा कि जहां भक्त की हां वहां भगवान हैं। भगवान को खोजने की आवश्यकता नहीं होती है, भगवान सर्वत्र हैं। मन की शुद्धि बहुत जरूरी है। भागवत प्रदर्शन नहीं दर्शन है, भागवत भगवान का ग्रंथ है, भागवत से ही भक्ति है।

## शोभायात्रा में पूरे मार्ग पर कलश ही कलश

रामरतन चौधरी व भगवती देवी चौधरी की पावन स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई, हजारों मातृशक्तियां सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में निकली तो पूरे मार्ग पर कलश ही कलश दिखाई दे रहे थे। राधे राधे के जयकारों से पूरा यात्रा मार्ग गुंजायमान हुआ। आस्था का कारबां जहां से भी गुजरा हर कोई इसमें रम गया। कलश यात्रा में साधु- संत शामिल हुए। शाम को कथा में ध्वज पथक के कलाकारों ने ढोल नगाड़े बजाए। श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन 4 मई तक शाम 4 से 7 बजे तक मां कनकेश्वरी गरबा परिसर, आईटीआई रोड परिसर पर होगी।

# मौसमी अस्थिरता से महंगाई पर काबू पाना मुश्किल

> मौसम का मिजाज बदलने से फसलें चौपट हो रही हैं, जिसका सीधा असर खाद्यान्न की कीमतों पर पड़ रहा है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने भी माना है कि प्रतिकूल मौसम की वजह से महंगाई बढ़ सकती है। यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है।

जलवायु परिवर्तन का असर अब दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर नजर आने लगा है। खासकर कृषि क्षेत्र इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम का मिजाज बदलने से फसलें चौपट हो रही हैं, जिसका सीधा असर खाद्यान्न की कीमतों पर पड़ रहा है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने भी माना है कि प्रतिकूल मौसम की वजह से महंगाई बढ़ सकती है। यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। वह महंगाई को चार फीसद के नीचे रखना चाहता है। इसलिए मार्च में जब खुदरा महंगाई 4.9 फीसद दर्ज हुई तो कुछ उत्साह देखा गया था। तब रिजर्व बैंक ने दावा किया था कि वह जल्दी ही महंगाई पर काबू पा लेगा। मगर अब मौसम का रुख देखते हुए उसे लगने लगा है कि यह काम आसान नहीं होगा। ऐसे वक्त में जब केंद्रीय बैंक खुदरा मुद्रास्फीति को काबू पाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ता नजर आ रहा था, प्रतिकूल मौसमी हालात तथा बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों ने चिंता बढ़ाई है। यही वजह है कि निर्धारित चार फीसदी तक मुद्रास्फीति नियंत्रण के लक्ष्य को लेकर अनिश्चितता पैदा हुई है। दरअसल, बीते माह में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 4.9 फीसदी रहने पर केंद्रीय बैंक समेत आर्थिक विशेषज्ञ उत्साहित थे कि अब चार फीसदी के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दरअसल, इसी मकसद से केंद्रीय बैंक ने अप्रैल 2023 के बाद से रेपो दरों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया। केंद्रीय बैंक को आशंका थी कि रेपो दरों में बदलाव से महंगाई बढ़ सकती है। ऐसे में आरबीआई मुद्रा स्फीति की मौजूदा स्थिति को लेकर आशावान है। लेकिन साथ ही चिंतित है कि मौसम के मिजाज में लगातार आ रहे बदलाव तथा दो साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध व हालिया गाजा संकट से वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ सकती है। इसका असर भारत पर पड़ना लाजिमी है। इन्हीं आशंकाओं के चलते केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति को नहीं बदला है। वहीं दूसरी ओर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पैनी निगाह रखने वाली सीएमआईई की रिपोर्ट में विश्वास जताया गया है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक खुदरा मुद्रास्फीति पांच साल के न्यूनतम स्तर तक पहुंच सकती है। लेकिन मौसमी अस्थिरता इस मार्ग में बाधक बन सकती है। दरअसल, वैश्विक मौसम संगठन के संकेत हैं कि विपरीत मौसमी स्थितियां हमारी कृषि अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। जिसका सीधा असर खाद्यान्न महंगाई पर पड़ सकता है। हालांकि, भारत की सकल घरेलू उत्पाद दर के फिलहाल सात फीसदी रहने के अनुमान तमाम देशी-विदेशी आर्थिक संगठन लगा रहे हैं, लेकिन अचानक पैदा हुई प्रतिकूल परिस्थितियों के बाबत भविष्यवाणी करना आसान नहीं है। लेकिन इसके बावजूद जरूरी है कि महंगाई पर नियंत्रण के प्रयासों के प्रति हम गंभीर रहें। जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी हमारी युवा आबादी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

बहरहाल, हमें यह स्वीकार करना होगा कि जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया को गहरे तक प्रभावित करने लगा है। खासकर कृषि क्षेत्र के प्रभावित होने से महंगाई बढ़ने का खतरा लगातार बना हुआ है। अतिवृष्टि-अनावृष्टि और अचानक आने वाली बाढ़ दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। जिससे सारी दुनिया में खाद्यान्नों की कीमतों में तेजी आ रही है। हमने पिछले दिनों भारत में भी देखा कि जब गेहूं की फसल तैयार होकर खलिहानों तथा मंडियों तक पहुंचने लगी तो पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बारिश ने काफी नुकसान किया। निश्चित रूप से गोदाम पहुंचने से पहले अनाज का भीग जाना किसान के लिये संकट का सबब बन जाता है। यह घटनाक्रम अब हर साल का हिस्सा है। हजारों टन अनाज बेमौसमी बारिश की भेंट चढ़ जाता है। जिससे अनाजों, फलों व सब्जियों की फसल खराब होने से खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं।

# देश में हीटवेव संकट की भयावहता के आंकड़े चिंताजनक

जयसिंह रावत

> भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान भारत के हीटवेव संकट की भयावहता के चिंताजनक आंकड़े रेखांकित कर रहे हैं। विभाग के अनुसार पिछले एक दशक में लू की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। हीटवेव संकट सिर्फ मौसम संबंधी या कृषि संबंधी मुद्दा नहीं बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती भी है।

मौसम वैज्ञानिकों द्वारा वर्ष 2023 को पिछले 174 सालों का सबसे गर्म साल घोषित किए जाने के बाद अब भारतीय मौसम विभाग ने भी चालू वर्ष की ग्रीष्म ऋतु को सामान्य से अधिक गर्म होने की चेतावनी दे दी है।



जाहिर है कि हमारे सामने एक नहीं बल्कि दो खतरे मुंह बाए खड़े हैं। इनमें एक खतरा लू का और दूसरा खतरा अतिवृष्टि से बाढ़ आदि का है, इसलिए आशा की जानी चाहिए कि हमारी सरकारें और खासकर आपदा प्रबंधन तंत्र इन खतरों से निपटने के लिए तैयार हो चुका होगा। इस साल कोलकाता में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है जबकि अभी ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत ही हुई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा इस साल की ग्रीष्म ऋतु के बारे में जारी पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। केवल उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम भारत के इक्का दुक्का क्षेत्रों में तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। विभाग द्वारा मैदानी इलाकों में हीट वेव यानी कि लू चलने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों और मध्य भारत के कई हिस्सों, उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत, पूर्व और उत्तर पूर्व के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूवार्नुमान मौसम विभाग ने जारी किया हुआ है।

भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान भारत के हीटवेव संकट की भयावहता के चिंताजनक आंकड़े रेखांकित कर रहे हैं। विभाग के अनुसार पिछले एक दशक में लू की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। हीटवेव संकट सिर्फ मौसम संबंधी या कृषि संबंधी मुद्दा नहीं बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती भी है। भारत में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने हीटवेव्स की गंभीरता को पहचानते हुए इन्हें 2021 में आपदा के रूप में वर्गीकृत किया है। विभाग की रिपोर्टें गर्मी से संबंधित मृत्यु दर में बढ़ती प्रवृत्ति का संकेत देती हैं।

हाल के वर्षों में हजारों मौतें हीटवेव के कारण हुई हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन एवं कमलजीत रे, एस एस रे, आर के गिरि और ए पी डिमरी आदि वैज्ञानिकों द्वारा 2021 में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार भारत में 50 वर्षों में हीटवेव ने 17,000 से अधिक लोगों की जान ले ली है। इस शोध पत्र में कहा गया है कि 1971-2019 तक देश में 706 हीटवेव घटनाएं हुईं। एक अन्य शोध के अनुसार 2015 की घातक हीटवेव में 2,500 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इससे श्रम उत्पादकता, स्वास्थ्य देखभाल लागत और कृषि उत्पादन में नुकसान के साथ आर्थिक प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्र, जो पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, इन प्रभावों का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिससे गरीबी और स्वास्थ्य असमानताएं और बदतर हो रही हैं।

अभी अधिकतम तापमान कहां तक उछलेगा, इसका पूर्वानुमान तो नहीं आया मगर 19 मई 2016 को राजस्थान के फलोड़ी में अधिकतम तापमान 51 डिग्री सेल्सियस तक उछल चुका है। भारत हाल के वर्षों में भीषण गर्म हवाओं का सामना कर रहा है। देश में अत्यधिक उच्च तापमान अक्सर 50 डिग्री सेल्सियस के करीब चला जाता है, जिससे गर्मी की लहरें या लू पैदा होती है। ये गर्मी की लहरें आम तौर पर अप्रैल और जुलाई के बीच होती हैं, जो लाखों लोगों के जीवन और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। इन लू के थपेड़ों से कृषि प्रधान ग्रामीण क्षेत्र विशेष रूप से अधिक प्रभावित होते हैं। इस विकट मौसम के कारण फसल की पैदावार प्रभावित होती है और किसानों पर काम का बोझ बढ़ जाता है।

गर्म हवा से शहरी क्षेत्र भी अछूते नहीं हैं। क्योंकि कंक्रीट और डामर की गर्मी से तापमान में वृद्धि होती है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2020 में हीटवेव के दिनों की संख्या चार थी। इसी प्रकार 2021 में गर्म लहरों के दिनों की संख्या तीन और 2022 में 17 थी। इस साल अप्रैल और जून के बीच गर्मी की लहरों के पूवार्नुमान से पता चलता है कि गर्मी की लहर वाले दिनों की संख्या सामान्य से ऊपर होगी, खासकर गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और उत्तरी कर्नाटक जैसे क्षेत्रों में, इसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में हीटवेव्स दिनों की संख्या अधिक रहेगह। शोधों से पता चला कि देश के विभिन्न हिस्सों में चार से आठ दिनों की सामान्य गर्मी की तुलना में इस बार दस से 20 दिनों तक गर्म लहरें चलने की आशंका है।

इन लू के थपेड़ों से बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोग निर्जलीकरण जैसी गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रति संवेदनशील होते हैं। हीटवेव के दौरान लोगों में बेहोशी, त्वचा संबंधी समस्याएं, सांस फूलना, शरीर में दर्द, आंखों में संक्रमण, पीठ दर्द और चोट जैसी स्थितियों से पीड़ित होने की शिकायतें रहती हैं। विशेष रूप से, हीटवेव से थकावट और हीट स्ट्रोक, श्वसन संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसी गंभीर स्थितियां भी पैदा हो सकती हैं।

लू लगने से एडर्ना (सूजन) और सिंकोप (बेहोशी) हो सकती है और आमतौर पर 39 डिग्री सेल्सियस यानी 102 डिग्री फारेनहाइट से नीचे बुखार आ सकता है। लू लगने से थकान, कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, उल्टी, मांसपेशियों में ऐंठन और पसीना आ सकता है। इससे दौरे या कोमा के साथ शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस यानी 104 डिग्री फारेनहाइट इससे अधिक हो सकता है जो कि एक संभावित घातक स्थिति है।

यदि आपको लगता है कि कोई हीटवेव से पीड़ित है तो उस व्यक्ति को छाया के नीचे किसी ठंडी जगह पर ले जाएं। पीड़ित को पानी या पुनर्जलीकरण पेय दें (यदि व्यक्ति अभी भी होश में है) और उस व्यक्ति को पंखे से हवा दें। यदि लक्षण बदतर हो जाएं या लंबे समय तक बने रहें या व्यक्ति बेहोश हो तो डॉक्टर से परामर्श लें। प्रभावित व्यक्ति के शरीर को ठंडा रखने के लिए उसके चेहरे और शरीर पर ठंडा गीला कपड़ा डालकर रखें। लेकिन उसे शराब, कैफीन या वातित पेय न दें। उसे बेहतर वेंटिलेशन के लिए कपड़े ढीले करें।

देश में हीटवेव संकट से निपटने के लिए बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है। मुख्य रणनीतियों में ताप कार्ययोजनाओं को विकसित करना और लागू करना, सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना और अत्यधिक तापमान का सामना करने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार करना शामिल है। सरकारें और स्थानीय अधिकारी लोगों की सुरक्षा के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और हीटवेव अलर्ट स्थापित कर सकते हैं।

जन जागरूकता अभियान के तहत लोगों को गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और हाइड्रेटेड रहने, चरम गर्मी के घंटों के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचने और उचित कपड़े पहनने जैसे निवारक उपायों को अपनाने के बारे में शिक्षित करना जरूरी है। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे में सुधार की नितांत आवश्यक है, जैसे हरित स्थानों को बढ़ाना और इमारतों को ठंडा रखने वाले पारंपरिक वास्तुशिल्प डिजाइनों को बढ़ावा देने से गर्मी के प्रभाव को कम किया सकता है। इसके अतिरिक्त, गर्मी प्रतिरोधी फसलें और अधिक कुशल शीतलन प्रणाली विकसित करने के लिए अनुसंधान और प्रौद्योगिकी में निवेश दीर्घकालिक समाधान प्रदान कर सकता है।

## स्पेशल

# राजनीति से क्यों कन्नी काट जाता है आम आदमी ?

अनूप पाण्डेय

इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर फिजा में चारों तरफ सियासी सरगर्मियां हैं। मैं अपने घर से ऑटो से ऑफिस के लिए निकला। ऑटो शेयरिंग था लेकिन बतौर सवारी मैं अकेला था। ऑटो वाले भैया से मेरी बातचीत शुरू हुई तो उन्होंने मेरे बारे में पूछा कि कहां रहते हैं, क्या करते हैं? वह मेरे पेशे (पत्रकारिता) के बारे में जानकर कुछ शहर की और कुछ अपने मोहल्ले की समस्याओं के बारे में बताने लगे जिनसे उन्हें रोज जूझना पड़ता है। चुनावी माहौल की वजह से मैं भी उससे पूछ बैठा कि राजनीति में क्या चल रहा है। आपके यहां से इस बार कौन जीतेगा? उन्होंने तुरंत मेरे सवाल से किनारा कर लिया और पल्ला झाड़ते हुए बोले कि राजनीति से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं इन चक्करों में नहीं पड़ता। मुझे अपने बच्चे पालने हैं। उसके इस जवाब से मैं तो अपराधबोध में आ गया।



सोचने लगा कि हमारे आसपास ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है जो अक्सर यह कहते हुए मिल जाते हैं, मैं तो राजनीति से दूर रहता हूं। अरे भाई, राजनीति से मेरा घर नहीं चलता, मेरा घर तो नौकरी से चलता है भाई, यह राजनीति किसी को रोटी नहीं देती। मेरा राजनीति से क्या लेना-देना। मेरे साथ राजनीति मत करो। कई लोग यह भी कहते हुए मिल जाते हैं कि बहुत राजनीति कर रहे हो। इस तरह के जवाब काफी पढ़े-लिखे लोग भी देते हैं। कई बार यह भी कहा जाता है कि पढ़ने-लिखने वाले छात्रों को राजनीति से दूर रहना चाहिए जबकि छात्र हमारे देश का भविष्य हैं। उनकी सबसे बड़ी जरूरत शिक्षा है। उनकी शिक्षा कैसी होगी, यह सब राजनीति से जुड़े लोग तय करते हैं। ऐसे में छात्रों को राजनीति से दूर रहने की नसीहत देना कितना सही है? और सिर्फ छात्र ही नहीं, राजनीति पर सबका अपना नजरिया होना चाहिए।

लेकिन क्या एक लोकतांत्रिक देश में राजनीति के प्रति इतनी उदासीनता सही है? अंग्रेजी में एक कहावत है- जब राजनीति ही तय करती है कि आपका भविष्य क्या होगा, ऐसे में आपको यह जरूर तय करना चाहिए कि आपकी राजनीति क्या हो। जाने-माने शायर जावेद अख्तर कहते हैं कि राजनीति से खुद को दूर रखने की बात वैसी ही है, जैसे कोई दिल्ली में रहता हो और कहे कि हमारा प्रदूषण से कोई लेना-देना नहीं है। जब हमारा खाना-पीना, आना-जाना, हमारी सुरक्षा, हमारी कमाई, हमारा खर्च, हमारी बचत, हमारी स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा और यहां तक कि हमें किस तरह की हवा में सांस लेनी है, यह भी राजनीति से तय होता है तो हम खुद को राजनीति से दूर कैसे रख सकते हैं?

राजनीति करने का मतलब, चुनाव लड़ने से नहीं है। हम जिस राजनीति की बात कर रहे हैं या जिस तरह से हमें राजनीति करने का अधिकार हमारे संविधान से मिला है, उसका मतलब सिर्फ वोटों की होड़ से नहीं है। इसका मतलब किसी राजनीतिक पार्टी या नेता के पीछे झंडे लेकर और टोपी पहनकर दौड़ने से भी नहीं है। किसी पार्टी का पार्ट टाइम या फुल टाइम कार्यकर्ता बनने से भी नहीं है। राजनीति से मतलब है कि हम जिस देश में रहते हैं, उसकी नीतियां कैसी हों और कौन लोग बना रहे हैं? इसके पीछे उनकी मंशा क्या है? इससे हमारे जीवन, हमारे समाज, हमारे बच्चों, आने वाली हमारी पीढ़ियों और हमारे देश के वर्तमान व भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा? राजनीति का अर्थ इन सब बातों के प्रति सजग रहने से है। इसके लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपने वोट के जरिए, सोच-समझ कर सही व्यक्ति का चुनाव करने से है।

सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे समाज में राजनीति के प्रति नकारात्मक धारणा एक दिन में नहीं आई है। आजादी के बाद से ही धीरे-धीरे और बहुत सुनियोजित तरीके से राजनीति को हमारे दिमाग में बहुत गलत अर्थो में फिट किया गया है। राजनीति के प्रति एक डर भी बहुत सुनियोजित तरीके से दिमाग में बैठाया गया ताकि लोग राजनीतिक रूप से इतने जागरूक न हो सकें, जितनी जागरूकता की जरूरत एक लोकतांत्रिक देश में रहने वाले नागरिकों को होती है। जो लोग राजनीतिक रूप से ताकतवर हैं, वे नहीं चाहते हैं कि इस पूरी व्यवस्था में उनके अलावा कोई दूसरा आए या राजनीति के प्रति अपना तार्किक विचार रख सके। राजनीति से जुड़े लोग तो सिर्फ यही चाहते हैं कि आप वैसा ही सोच सकें, जैसा वे चाहते हैं। कई बार अनायास ही कह दिया जाता है कि भाई तुम इस राजनीति में मत पड़ो। कई बार सलाह के रूप में तो कई बार धमकी के रूप में भी यहां मतलब सिर्फ राजनीति से ही नहीं है। यहां यह मेसेज दिया जाता है कि तुम किसी भी उस प्रपंच में मत पड़ो, जिसमें तुमसे बड़े दिग्गज पहले से शामिल हैं। राजनीति को आम जनमानस में इस तरह से रेखांकित किया जाता रहा है कि यह गुंडे, मवाली और भ्रष्ट लोगों के लिए बनी है। इसका नतीजा यह हुआ कि राजनीति धीरे-धीरे सही अर्थ से दूर होती चली गई और लोग उस राजनीति से भी बचने लगे जो सही मायने में हमें करनी चाहिए। इसी सोच का नतीजा है कि सरकार की तरफ से लोगों को वोट डालने के लिए छुट्टी दी जाती है मगर उस दिन लोग वोट देने के बजाय घूमने निकल जाते हैं।

लोकतंत्र में ऐसी संवैधानिक व्यवस्था है जिसमें राजनीतिक रूप से सबको बराबर का अधिकार दिया गया है। सबकी भागीदारी भी तय की गई है। आज के दौर में चाहे कोई भी बड़ा पूंजीपति ही क्यों न हो, उनके पास संपत्ति चाहे कितनी भी हो, लेकिन सिर्फ एक वोट का अधिकार है। किसी के पास भी दो वोट देने का अधिकार नहीं है। ऐसे में राजनीतिक रूप से जागरूक रहना और अपने वोट की ताकत के जरिए राजनीति में अपनी भागीदारी तय करना, सबका अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी इतना ही नहीं, जिसे आपने चुना है, उससे सवाल पूछने का भी आपको अधिकार है। यही तो राजनीति है।

1947 से पहले देश में जो राजनीति थी, वह आजादी की लड़ाई के लिए थी। शुरुआती दौर में हमारे देश के लोगों को लगता था कि यह राजा से राजा की लड़ाई है, इससे हमारा क्या लेना-देना? जिसका नतीजा था कि हम 200 बरसों तक गुलाम रहे।

# सियासी घराने में घर के कामकाज... चक्की से हो रहा सत्तू तैयार



बिहार में 7 मई 2024 को 5 सीटों पर तीसरे चरण का चुनाव होगा। इस बार चुनाव में लालू के परिवार से उनकी दो बेटियां और एक दामाद चुनावी मैदान में हैं। इस चुनावी माहौल के बीच एक वीडियो खूब वायरल है और इस वीडियो को लालू के छोटे बेटे व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर शेयर किया है। इस वीडियो में तेजस्वी यादव की मां व पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी पत्नी राजश्री चक्की पीसती हुई दिखाई दे रही हैं। आपको बता दें कि लालू यादव और उनके परिवार को सत्तू काफी ज्यादा पसंद है और लालू व तेजस्वी चुनावी सभा कई बार सत्तू की चर्चा भी कर चुके हैं। लालू परिवार आज भी पुरानी परंपरा और गांव से जुड़ा है और जैसे गांव में लोग सत्तू को चक्की से पीसकर बनाते हैं, वैसे ही लालू परिवार में भी सत्तू तैयार किया जाता है। गांव से आज भी उनका परिवार आज भी जुड़ा हुआ है।

सोशल मीडिया पर बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। उनके साथ बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री यादव भी दिख रही हैं। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। वीडियो कब का है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन राबड़ी और उनकी बहू राजश्री को साथ में चक्की में अनाज पीसते देखा जा सकता है। सास-बहू का वीडियो देख लोग इनकी काफी तारीफ कर रहे हैं।

वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, मां के साथ घरेलू कामकाज। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। लोग इसे खूब लाइक और शेयर कर रहे हैं। साथ ही कमेंट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। वीडियो के शुरुआत में राबड़ी देवी को चक्की में अनाज डालकर उन्हें पीसते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद उनकी बहू राजश्री दिखाई देती हैं। दोनों सास-बहू का इस तरह काम करने का अंदाज देख लोग इनकी काफी तारीफ कर रहे हैं।आपको बता दें, इस वक्त लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। दो चरण की वोटिंग हो चुकी है।इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 7 चरण की वोटिंग हो रही है। सभी राजनीतिक पार्टियां जोर शोर से चुनाव प्रचार और उससे जुड़े कार्यों को करने में जुटी हुई हैं। ऐसा ही आरजेडी भी कर रही है। यह पार्टी बिहार में खूब रैलियां निकाल रही है। खुद राबड़ी देवी भी लालू यादव के साथ रैलियों में शामिल हो रही हैं। वीडियो में ऐसा दिखाया गया है कि वो राजनीतिक कार्यों के साथ घर के कामकाज भी करती हैं। इससे पहले भी वे घर के बागीचों में नजर आईं, तो कभी गाय को चारा खिलाती दिखाई दीं। उनके साथ बहू राजश्री भी घर के कामों में हाथ बंटाती दिखाई देती हैं।

## ब्रीफ न्यूज़

### एजेंट ने जमा नहीं की लोन की किश्त, महिला ने पुलिस थाने में की शिकायत

**चंद्रशेखर आजाद नगर।** चंद्रशेखर आजाद नगर क्षेत्र की भूराघाटा में रहने वाली शहनाज पति आरिफ शेख (39) फाइनेंस कंपनी के एजेंट पर लोन की किश्त जमा नहीं करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर महिला ने पुलिस थाने में आवेदन दिया। आवेदन में बताया उसने समूह के माध्यम से बैंक स्पंदना स्फूर्ति फायनेंशियल लिमिटेड से 16 सितंबर 2022 को 61 282 रुपए का लोन लिया था। जिसकी 24 किश्त मय ब्याज के फायनेंस लिमिटेड कंपनी में कार्यरत एजेंट कन्हैयालाल नंदराम खारेल उम्र 24 निवासी पक्का कुआ तह. जावरा जिला रतलाम को जमा कराई थी। एक दिन उसने बकाया 7 किश्त की राशि 16 750 रुपए कन्हैयालाल को एकमुश्त जमा कर लोन खत्म करने को कहा। लेकिन कन्हैयालाल ने यह राशि बैंक में जमा नहीं की। इसकी जानकारी लगने पर उसने थाना प्रभारी चंद्रशेखर आजाद नगर को आवेदन देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### अनियंत्रित बल्कर ने खड़ी कार को मारी टक्कर, कार हुई क्षतिग्रस्त



**मंडलेश्वर:** नगर में बल्करो का आवागमन ज्यादा होने से आए दिन दुर्घटना की शिकायते मिलती रहती है। दिन में भारी संख्या में बल्कर निकालने के कारण आवागमन तो बाधित होता ही है साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। रविवार को कसरावद मार्ग पर सोनिया नगर के नजदीक अनियंत्रित गति में चल रहे बल्कर ने रोड के किनारे खड़ी कार को सामने से टक्कर मार दी। कार सवार ग्राम मातमुर निवासी भूरे सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया की वे परिवार सहित कसरावद की तरफ से वापस आ रहे थे। सोनिया नगर के पास मोड़ पर सामने से बल्कर क्र आरजे 09 जीडी 9461 अनियंत्रित गति से आ रहा था। जिसे देखते हुए उन्होंने अपनी गाड़ी रोड के एक तरफ खड़ी कर दी। सामने से आ रहे बल्कर ने खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे कोई जनहानि तो नही हुई पर गाड़ी में बहुत नुकसान हुआ। जिसकी रिपोर्ट थाना मंडलेश्वर ने दर्ज कराई गई। कार के नुकसान संबंधी बात करने पर बल्कर चालक राजू पिता मुन्ना डुडवे निवासी मनावर जिला धार ने बल्कर मालिक रवि खंडेलवाल निवासी मनावर का हवाला देते हुए कहा की सेठ से बात करो। बल्कर मालिक खंडेलवाल से बात नहीं हो पाई तो बल्कर चालक ने सुपरवाइजर रविन्द्र तवर से बात करवाई। रविंद्र तवर ने बड़ी अकड़ दिखाते हुए कार चालक पटेल को नुकसानी के एवज के 5 हजार रु देने की बात कही। भूरे सिंह पटेल ने अपनी कार ज्यादा नुकसान होने के कारण 5 हजार की नुकसानी न लेते हुए मामला थाने में पंजीबद्ध करवाया।

**प्रतिबंधित समय में चलते है बल्कर:** जिला कलेक्टर खरगोन ने बल्करो के आवागमन के लिए रात्रि का समय सुनिश्चित किया है। इसके बावजूद ये बल्कर दिन के भी आवागमन करते है। पुलिस ट्रेफिक जाम होने या कोई दुर्घटना होने के कारण मौके पर पहुंचती है। पर इन बल्करो के प्रतिबंधित समय में आवागमन पर कोई कार्यवाही नही करती है।

### मऊ में आज होगा अजमेरी मंसूरी समाज का शादी सम्मेलन

**पड़ाना:** शादी-ब्याह में होने वाली फिजूलखर्ची को रोकने के उद्देश्य अजमेरी मंसूरी समाज के तत्वाधान समाज का सामूहिक शादी सम्मेलन आज समीपस्थ ग्राम मऊ में आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए सम्मेलन कमेटी के खजांची एवं अल्पसंख्यक भाजपा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शरीफ मंसूरी बरूखेडी ने बताया कि मऊ में पड़ाना रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने आज प्रातः अजमेरी मंसूरी समाज सामूहिक शादी सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें 51 जोडे के निकाह होंगे। सभी जोडों के पंजीयन हो चुके हैं। इस सामूहिक शादी सम्मेलन में राजगढ़ के अलावा इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, आगर, सीहोर जिले सहित राजस्थान झालावाड जिलें से भी समाजजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। श्रीमंसूरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अनावश्यक खर्चों से राहत मिलती है। ऐसे आयोजन समाज की ओर से समय-समय पर किए जाते रहे है। क्योंकि फिजूलखर्ची के अलावा समाज कुरीतियों को भी दूर करने के लिए इस तरीके के सामाजिक आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मऊ सरपंच रईस मंसूरी, इमरान मंसूरी, मुबारिक मंसूरी, फिरोज मंसूरी, इकबाल मंसूरी, रियाज मंसूरी सहित अन्य समाजजनों अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील सभी समाजजनों से की है। मऊ सरपंच रईस मंसूरी ने बताया कि सम्मेलन के आयोजन को लेकर रविवार को तैयारी पुरी कर ली गई है और आयोजन में पार्किंग और पांडाल, पेजयल और ठहरने की व्यवस्था बेहतर से बेहतर की गई है।

### निजी फार्म हाउस डिंगलपुर जोड़ मऊसे चोरी

**पड़ाना:** समीपस्थ ग्राम मऊ में किसान सिद्धनाथ सिंह राजपूत के निजी फार्म हाउस डिंगलपुर जोड़ मऊ से अज्ञात बदमाश बीती देर रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम दे गए। घटना की जानकारी फरियादी सिद्धनाथ सिंह राजपूत ने पड़ाना पुलिस चौकी में दी और बताया कि बीती रात्रि में फार्म हाउस से ताला तोड़कर एक पांच हार्स पावर की मोटर, थ्रेसर की जाली सहित टूल्स आदि अनय सामग्री चोर चुरा ले गए।

---

पोलायकलां में सीएम ने किया सभा को संबोधित

# पहले सीमाओं पर जवानों का अपमान होता था, अब घर में घुसकर मारते हैं






**शाजापुर।** पहले अमेरिका और इजरायल दो ऐसे देश थे जो दुश्मन को घर में घुसकर मारते थे। पहले सीमाओं पर जवानों का अपमान होता था और पड़ोसी देश सैनिकों के सिर काटकर ले जाते थे, लेकिन यह आपके एक वोट की ताकत है कि भारत तीसरा देश बन चुका है जो दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है।

यह बात प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने जिले के पोलायकलां में भाजपा प्रत्याशी महेंद्रसिंह सोलंकी के पक्ष में आमसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पहले देश में विस्फोट होते थे लेकिन आपने मोदी जी को पहली बार वोट दिया और उन्होंने सीमा पर सैनिकों का सम्मान बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के घर में घुसकर मारा और भारत की ताकत का अहसास कराया। पहले दो देश अमेरिका और इजरायल ही दुश्मनों के घरों में घुसकर मारते थे लेकिन अब भारत तीसरा देश बन गया। दूसरी बार मोदी को वोट दिया तो अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन गया। इस देश को राम जी के नाम से जाना जाता है। सबको पता है भगवान राम अयोध्या में पैदा हुए थे लेकिन कांग्रेस के लोगों को नहीं पता कि भगवान राम कहां पैदा हुए। राम का अस्तित्व क्या है। कांग्रेस ने रामसेतु को तोड़ने के लिए योजना बना ली लेकिन विरोध के चलते वे तोड़ नहीं पाएं। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद आज तक सोनिया, राहुल और प्रियंका मंदिर के दर्शन के लिए भी नहीं गए। तीसरी बार मोदी को वोट दोगे तो अब मथुरा की बारी है।

#### कांग्रेस पर बरसे सीएम यादव

सीएम ने सभा में कालापीपल के पूर्व विधायक कुणाल चौधरी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आपने ऐसा ताला लगाया की उसकी बोलती बंद हो गई। उन्होंने कहा कि एक बहनजी बोलती है मंगलसूत्र को नरेन्द्र मोदी क्या जाने। जबकि बहनजी तुमने तो सात फेरे भी नहीं लिए और हनुमान भक्त मोदी जी पर सवाल उठा रही है।

#### संघ के वरिष्ठ प्रचारक के परिजनों से मिलने पहुंचे सीएम

सभा के बाद मुख्यमंत्री संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे स्व. शालिग्राम जी तोमर के निवास पर पहुंचे उनके परिजनों से मुलाकात की एवं शालिग्राम तोमर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि शालिग्राम तोमर उनके गुरु थे। संघ और विद्यार्थी परिषद में उनके नेतृत्व में उन्होंने कई काम किए हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे यहां उनके निवास पर आने का सौभाग्य मिला।

---

## परशुराम जयंती की तैयारियां जोरों पर, घर घर जाकर दिए जा रहे है आमंत्रण पत्र



**सारंगपुर।** प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले अक्षय पुण्यो को देने वाले अक्षय तृतीया के पर्व एवं परम आराध्यदेव भगवान परशुरामजी के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज सारंगपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रमों की धूम रहेगी। दिनांक 09 मई और 10 मई को होने वाले आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। भगवान परशुराम के जयकारे लगाते युवाओं की टीम नगर के विभिन्ना वार्डों में निवासरत ब्राह्मण परिवार के घरों का भ्रमण कर लोगों को आमंत्रण देकर शोभायात्रा एवं आयोजन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान जगह-जगह आत्मीय स्वागत कर शोभायात्रा में शामिल होने का भरोसा दिया जा रहा है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समाज द्वारा भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया गया है कि अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास एवम बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए समाज के सक्रिय कार्यकताओं की टीम ने घर-घर जाकर समाजजनों को आमंत्रण पत्र भेंट किए है। सारंगपुर शहर में ब्राह्मण परिवारों तक घर-घर आमंत्रण पत्र पहुंचाने के लिए कार्यकताओं की टीम जूटी हुई है। भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के अवसर पर भगवान का, पूजन, भगवान का अभिषेक, शोभायात्रा एवं प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिला मंडल अध्यक्ष शिखा शर्मा ने बताया की भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत 05 मई को भारतीय सांस्कृति से ओतप्रोत पारम्परिक ज्ञान वर्धक एवं अपनी कला को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम आयोजित होगे। अक्षय तृतीया 10 मई को भगवान परशुराम भगवान का महाअभिषेक सुबह 8 बजे बजे, पूजन एवम आरती श्रीराम मंदिर पण्डितवाड़ी पर होगी। इसके पश्चात शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा आकर्षक एवम भक्तिमय होगी। इसके साथ ही भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी शोभायात्रा में शामिल रहेगी। शोभायात्रा में ढोल पार्टी एवं भगवान परशुरामजी का आकर्षक रथ, बैंड शामिल होंगे। शोभायात्रा का मार्ग श्रीराम मंदिर पण्डितवाड़ी से प्रारंभ होकर शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर पर सम्पन्ना होगी। शोभायात्रा के पश्चात भगवान परशुरामजी जी की महाआरती शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर पर होगी। इसके पश्चात महाप्रसादी सहभोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में पुरूष वर्ग के लिए धोती कुर्ता/कुर्ता पजामा एवं महिलाओं के लिए पीली साड़ी ड्रेसकोड रखा गया है। इस गरिमामय आयोजन के लिए समाज अध्यक्ष संजय शर्मा एवं युवा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को गरिमा प्रदान करने की अपील की है।

---

महाजनसंपर्क अभियान में 55 बूथों पर पहुंचे कार्यकर्ता, लोगों ने भी दिया समर्थन

## इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर घर-घर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता



**शाजापुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर पहुंचकर लोगों से संपर्क साधा जा रहा है। रविवार को भाजपा ने महाजनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें सैकड़ों कार्यकताओं ने शहर के हर घर पहुंचकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने नगर के 55 बूथों पर ही लोगों से संपर्क साधा और भाजपा की योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से भाजपा को जिताने की अपील की। वहीं नगरवासियों ने भी कार्यकताओं का स्वागत करते हुए हर हाल में मतदान करने का वादा किया और 400 पार का आशीर्वाद कार्यकताओं को दिया।

**घर-घर हुआ स्वागत:** भाजपा द्वारा रविवार को महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गई। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर पहुंचे और लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। इस पर मतदाताओं ने भी कार्यकताओं का स्वागत किया। कहीं पर जलपान हुआ तो कहीं पर लोगों ने कार्यकताओं को 400 पार का आशीर्वाद दिया।

## माँ मामोई माता मंदिर स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया

**खरगोन।** पाल क्षत्रीय गडरिया समाज की कुलदेवी मां मोमाई माता की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान गडरिया मोहल्ला स्थित माँ मोमाई माता मंदिर में सामंजनों द्वारा महाआरती कर मंदीर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा में सबसे पहले तीन घुड़सवार धर्म ध्वजा लिए चल रहे थे जिसके बाद समस्त समाजजन बड़ी संख्या में मां की आराधना करते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा होली टेकड़ा पहुंची जहां पर दांगी समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर रसना वितरण किया गया, रघुवंशी मोहल्ले में रघुवंशी समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर रसना वितरण किया गया, मारू मोहल्ला में कुमावत समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर रसना वितरण किया गया, तिलकपथ मार्ग पर मस्तो की टोली (योगा ग्रुप) द्वारा पुष्प वर्षा की गई, टवड़ी चौक पर डॉ गोविंद चंदेल परिवार द्वारा आइसक्रीम वितरण की गई एवं पत्रकार प्रवीण पाल एवं भारत पटेल द्वारा कुल्फी वितरण की गई, सकल हिंदू समाज द्वारा पुष्प वर्षा की गई, सतीश जायसवाल द्वारा पेयजल स्टॉल लगाया गया, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि वर्मा द्वारा सेवफल वितरण किया गया, सौम्या हार्डवेयर द्वारा नमकीन छाछ वितरण की गई, जाचपूरे परिवार द्वारा पुष्प वर्षा की गई, तालाब चौक में माली समाज द्वारा पुष्प वर्षा एवं नमकीन छाछ वितरण की गई, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, भागीरथ बडोले, धीरेंद्र चौहान, पूर्व अध्यक्ष विपिन गौर, पार्षद गायत्री चंदेल, द्वारा पुष्प वर्षा की गई, सिख समाज द्वारा पुष्प वर्षा की गई, राम नवमी जन्मोत्सव समिति द्वारा रसना वितरण किया गया, नरेंद्र कछवाये द्वारा आइसक्रीम वितरण की गई, कान्हा दूध डेरी द्वारा पेयजल व्यवस्था की गई, भव्य शोभायात्रा में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा.बलाई महासंघ मनोज परमार भी उपस्थित रहे और माँ मोमेई माता का आशीर्वाद लिया।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनती है सरकार- देवड़ा




**बड़वाह**-भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है।केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है और पार्टी के कार्यकताओं की मेहनत से ही सरकारे बनती है।पार्टी वट वृक्ष है तो कार्यकर्ता उसकी जड़ है।इसके बिना पार्टी कुछ भी नही है।आज में डिप्टी सीएम हूं तो यह सब कार्यकर्ताओ की देन है।आज हम कल आपमे से कोई विधायक तो कोई मंत्री बनेगा क्योकि हमारी पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है।यह बात डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने लोकसभा चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर कही, वह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।राज्य सभा सांसद व प्रदेश महामन्त्री सुश्री कविता पाटीदार ने कहा कि देश के यशस्वी पीएम नरेंद्र मोदी देश के लिए मजबूत नेतृत्व कर रहे है पूरी दुनिया उनके नेतृत्व का लोहा मानती है।विधायक सचिन बिरला ने पार्टी कार्यकताओं से आव्हान किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर भीड़ जाए बूथ जीता तो चुनाव जीता भाजपा प्रत्यासी ज्ञानेश्वर पाटिल को भारी मतों से विजय बनाना है।विशेष अतिथियों में लोकसभा प्रभारी कल्याण अग्रवाल, पूर्व विधायक हितेंद्रसिंह सोलंकी, नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण काग, नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जितेंद्र सुराणा, बजेंद्र जोशी, अशोक तिवारी, सन्नी भाटिया, डॉ. एन.एस.सोलंकी, पप्पू बराड़, महेश गुर्जर, दीपक ठाकुर सहित अन्य प्रतिनिधि मंचासीन थे।इस अवसर पर महेंद्रसिंह भाटिया, अशोक जाट, ललित जाट, गुरुचरण भाटिया, राजकुमार वर्मा, गुलवीरसिह, राजू सोनी, दिनेश कोठिया, धनलक्ष्मी शर्मा, ब्रजेश यादव, विजय वर्मा, प्रेमलाल अंजना, राधेश्याम मकवाने, मुकेश शर्मा, लखन गड़गोती अशोक भालसे, राजेश पाटीदार, बाला पटेल सहित सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री महिम ठाकुर ने किया आभार अंकित गुप्ता ने माना।

---

विकास के मुददे पर कांग्रेस को वन मंत्री ने दी चुनोती, प्रेस वार्ता कर आरोपो का दिया जवाब

## झूठे और फर्जी आरोप लगाने की बजाय कांग्रेस प्रत्याशी बताए खुद के सांसद रहते क्षेत्र में क्या किया-नागरसिंह

**आलीराजपुर।** भारतीय जनता पार्टी विकास के मुददो पर चुनाव लड़ रही है और अपने संसदीय कार्यकाल में चार बार सांसद रहते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया द्वारा क्या क्या कार्य जनता के हित में किए गए वह जनता के बीच में बताना चाहिए ना कि झूठे आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करना चाहिए। खटटाली क्षेत्र में नाबालिक बच्ची से हुए बलात्कार के संबंध में कानून अपना काम करेगा और हम भी पीड़ित परिवार के साथ है अपराधियों की कोई जाती नहीं होती है अपराधी को सख्त से सख्त सजा मिलना चाहिए। यह बात भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री नागरसिंह चौहान ने कहीं। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल, विधानसभा प्रभारी हितेन्द्र शर्मा भी मौजूद थे। वन मंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस विगत कई दिनो से कांग्रेस के बड़े बडे नेता और कार्यकर्ता भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़ के भाजपा में आ रहे है इससे कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया की राजनीतिक जमीन खिसक गई है और उन्हें करारी हार का डर सता रहा है। इसलिए वे बोखलाते हुए आए दिन मुझ पर और मैरे परिवार पर झूठे और मनगढ़त आरोप लगाते रहते है उनके इन आरोपो का जवाब क्षेत्र की जनता 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करके देगी।

#### चार बार सांसद और दो बार केंद्रीय मंत्री रहते क्या कार्य किए बताए भूरिया



वन मंत्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि चुनाव मुददो पर आधारित होना चाहिए। चार बार सांसद और दो बार केंद्रीय मंत्री रहते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया ने आलीराजपुर, झाबुआ और रतलाम की जनता के लिए क्या कार्य किए। चौहान ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा हमेशा वोट तो ले लिए गए लेकिन विकास के मामले में वे शुन्य साबित हुए है। वन मंत्री चौहान ने झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया को चुनोती देते हुए कहा कि विकास के मुददे पर वे किसी भी मंच पर आकर मुझसे बहस कर ले दुध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा कि कांग्रेस द्वारा किस प्रकार से जनता को सिर्फ भ्रमित करने का काम किया जाता है।

**फायर सीजन:** गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड के कुमाऊं के जंगलों में आग बेकाबू होने लगी

# 24 घंटे में 23 जगह जले जंगल, झुलस गए पहाड़, चारों तरफ धुआं-धुआं



**हल्द्वानी।** गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड के कुमाऊं के जंगलों में आग बेकाबू होने लगी है। नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी। आग हाईकोर्ट के आवासीय परिसर तक पहुंच गई थी, जिस पर काबू पा लिया गया है। पिछले एक हफ्ते के दौरान जंगलों में आग लगने की 225 घटनाएं हुई, जिसमें 288 हेक्टेअर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। बागेश्वर में तो जंगल की आग ने काफलीगैर मैग्नेसाइट फैक्टरी के माइंस कार्यालय को चपेट में ले लिया, जिसमें 12 कमरे और मशीनें, कंप्यूटर तक जल गए। वनाधिकारियों के अनुसार कुमाऊं में नैनीताल और चंपावत जिला वनाग्नि की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बना हुआ है।

प्रदेश में 24 घंटे में 23 जगहों पर जंगलों में आग लगी है। इसमें 16 जगहों पर कुमाऊं में वनाग्नि की घटनाएं हुईं हैं। पूरे प्रदेश में 24 घंटे में करीब 35 हेक्टेयर जंगल वनाग्नि की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थिति इस कदर बिगड़ गई है कि नैनीताल जिले में जंगल की आग पर नियंत्रण के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई है। हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लेकर नैनीताल और उसके आसपास के वनाग्नि वाले क्षेत्रों में पानी गिराया है। इन इलाकों में आर्मी क्षेत्र भी आता है। 10 बार हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी भरा और जंगलों में लगी भीषण अग्नि को शांत किया। नैनीताल में हाईकोर्ट के आवासीय परिसर तक जंगल की आग पहुंच गई। जंगलों में आग की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने फॉरेस्ट ट्रेनिंग अकादमी स्थित सभागार में कुमाऊं के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें फायर सीजन तक वन अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगाने के निर्देश दिए। शनिवार को अल्मोड़ा में जंगल की आग कैंट क्षेत्र के आवासीय भवनों के करीब पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई।

### कलक्ट्रेट परिसर तक पहुंची आग

बागेश्वर में कलक्ट्रेट परिसर तक पहुंची वनाग्नि को नियंत्रित करने में चार घंटे से अधिक का समय लगा। आग से स्वान केंद्र की संचार केबल जल गई। इंटरनेट ठप होने से शनिवार को करीब 40 विभागों का कामकाज प्रभावित रहा। शुक्रवार की शाम करीब छह बजे कलक्ट्रेट परिसर की पहाड़ी पर आग लग गई थी। यहां डीएम, एसडीएम, आपदा प्रबंधन अधिकारी भी मौके पर डटे रहे। करीब पौने नौ बजे परिसर के समीप की आग को काबू किया जा सका। हालांकि परिसर के आसपास के आग को काबू करने में एक घंटा लग गया।

### नवंबर 2023 के बाद से अब तक 598 जंगल जले

उत्तराखंड में नवंबर 2023 के बाद से अब तक जंगलों में आग की 598 घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें कुमाऊं में 329, गढ़वाल मंडल में 128 और वन्यजीव क्षेत्र में 51 घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में राज्य में कुल 725 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। इसमें कुमाऊं मंडल में 424, गढ़वाल में 240 और वन्यजीव क्षेत्र में 59 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा प्रभावित हुई है।



### सल्ट में ऑक्सीजन प्लांट जला

सल्ट अल्मोड़ा के सीएचसी देवालय में जंगल की आग से ऑक्सीजन प्लांट और कार्यालय में रखे दस्तावेज जल गए। मौके पर न फायर ब्रिगेड पहुंची न वन विभाग की टीम। स्वास्थ्य कर्मियों ने किसी तरह आग को बुझाया। आग बुझाने में पानी के सारे टैंक खाली हो गए। जंगलों की आग सड़क किनारे खड़े वाहनों को भी चपेट में ले रही है। बीते दिनों सल्ट में जंगल की आग से मतदान कर्मचारी की सड़क पर खड़ी बाइक जल गई थी। वहीं, नगर के टाटिक में जंगल की आग से कार जल गई थी।

### मैग्नेसाइट फैक्टरी के माइंस कार्यालय तक भी पहुंची आग

बागेश्वर जिले में काफलीगैर मैग्नेसाइट फैक्टरी के माइंस कार्यालय को भी वनाग्नि ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे टिनशेड में बने माइंस कार्यालय के 12 कमरे जल गए। कमरों में रखी मशीनें, कंप्यूटर, फर्नीचर भी आग की भेंट चढ़ गए। आग से 20-25 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है। इसके अलावा कपकोट, कौसानी, धरमघर के जंगलों में आग लगी हुई है। हालांकि वन विभाग के आंकड़ों में जिले में वनाग्नि की केवल 12 घटनाएं ही दर्ज हैं। कौसानी में जंगल की आग कैंट एरिया तक पहुंच गई। कौसानी में टीम ने दो वाहनों की मदद से आग बुझाई। झिरौली और पौड़ीधार के जंगलों में लगी आग को भी काबू कर लिया गया है।

### यातायात पर भी पड़ रहा असर

जंगलों में लग रही आग का असर यातायात पर पड़ने लगा है। अल्मोड़ा-बागेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलता हुआ चीड़ का पेड़ टूटकर गिरने से यातायात बाधित हो गया। कटर मशीनों की मदद से पेड़ को काटकर यातायात सुचारु करवाया गया।

### वन्यजीवों को भी नुकसान

लोहाघाट (चंपावत) के ग्राम सभा पाटन पाटनी के जमरया खोला के जंगलों में भीषण आग से वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचा है। ब्लाक के शंखपाल, चंदा वन के जंगलों में देर रात तक आग लगी रही। आग लगने से बांज, बुरांश, फल्यांठ के पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गए। चंपावत जिले के कोट अमोड़ी के नाप खेतों में आग से क्षेत्र में धुआं ही धुआं फैल गया। शुक्रवार को दिन में कोट अमोड़ी के नाप खेतों में आग लग गई।

### टनकपुर में दो घर जले

टनकपुर (चंपावत) क्षेत्र के सैलानीगोठ नई बस्ती के पास जंगल और दोगाड़ी रेंज में दो जगह आग लग गई। बूम वन रेंज में शुक्रवार को हुए अग्निकांडों में गर्मी से फायर श्रमिक दीपक सिंह महर, वन रक्षक गंगा कुंवर, अक्षय कुमार और होशियार सिंह बेहोश हो गए जिनका प्राथमिक इलाज कराया गया। वनों में आग लगने से वन्यजीव आबादी की ओर आ रहे हैं। शनिवार को बंगापानी बाजार के पास घुरड़ देखे गए। चंपावत जिले के पाटी विकासखंड में गहतोड़ा के हल्दू के जंगल में लगी आग मकानों तक पहुंच गई। शनिवार शाम चार बजे पथरकोट के जंगल की आग तीन मकानों तक पहुंच गई। एक मकान में रह रहे बुजुर्ग का दो मंजिला मकान जलकर नष्ट हो गया है। आसपास के ग्रामीणों ने 79 वर्षीय बुजुर्ग लीलाधर का सुरक्षित निकाला। उनका कहना है कि आग से 10 लाख की क्षति हुई है। बुजुर्ग को पांच हजार की प्रारंभिक राशि दी गई है। पाटी के तल्ली लड़ी में गोविंद सिंह के मकान में आग लग गई। आग से मकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

### आग लगाने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

पिथौरागढ़ के प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह ने कहा है कि जंगलों में आग लगाने वालों पर वन अधिनियम के तहत तो कार्रवाई होगी ही साथ ही एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। मुनस्यारी में जंगल में आग लगने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़ जिले में अब तक आग से 50 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुआ है।

### नैनीताल और चंपावत जिला संवेदनशील

वनाधिकारियों के अनुसार इस समय कुमाऊं में नैनीताल और चंपावत जिला वनाग्नि की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बना हुआ है। नैनीताल जिले में जंगल धधक रहे हैं।

### सीएम बोले- वर्चुअल मीटिंग करें

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने फारेस्ट ट्रेनिंग अकादमी में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि जब तक फायर सीजन चल रहा है, तब विभागीय बैठक के लिए वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक स्तर के अधिकारियों को बैठक में देहरादून आने की जरूरत नहीं है, वे वुर्चअल बैठक के माध्यम से शामिल हो और अपने कार्यस्थल पर रहे। बैठक में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के अलावा कुमाऊं मंडल के जिला प्रशासन, वन विभाग के अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। सीएम ने पेयजल और जाम संबंधी दिक्कत को दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## भारत की यात्रा टालने के बाद एलन मस्क अचानक पहुंचे चीन



**बीजिंग।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में भारत की यात्रा को टाल दिया था। लेकिन अब वो अचानक से भारत के दुश्मन देश चीन की यात्रा के लिए रवाना हो गए। चीन को इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी माना जाता है। सूत्रों के हवाले से एक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। मस्क ने एक सप्ताह पहले ही भारत की यात्रा टाल दी थी। कहा जा रहा था कि वह भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले थे और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना का एलान करने वाले थे। अब बताया जा रहा है कि टेस्ला के सीईओ चीन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की कोशिश करेंगे, जिससे वह फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर पर चर्चा कर सकें। साथ ही वह कोशिश करेंगे की चीन फुल-सेल्फ ड्राइविंग से संबंधित जुटाए डाटा को अमेरिका ट्रांसफर करने के लिए तैयार हो जाए।

## गुजरात-राजस्थान में नशा बनाने वाली चार लैब का खुलासा

### 230 करोड़ के नशीले पदार्थ बरामद



**जोधपुर।** एनसीबी यानी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया की टीम ने 2 राज्यों में 4 जगह छापेमारी की है। नशे की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जालोर के भीनमाल और जोधपुर के ओसियां और गुजरात के गांधीनगर और अमरेली में सुबह चार बजे से रेड की गई। इसके तहत 13 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। इनसे हुई पूछताछ के आधार पर अब गैंग के मुख्य सरगना की तलाश की जा रही है। साथ ही नशा बनाने वाली 4 हाईटेक लैब का खुलासा किया गया है। यहां से कुल 149 किलो एमडी, 50 किलो एफेड्रिन, 200 लीटर एसिटोन भी बरामद की गई है। इस ड्रग्स की कीमत करीब 230 करोड़ रुपये बताई गई है।

गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने बताया कि ओसियां जोधपुर में रेड डाली गई। यहां से एमडी नहीं मिली, लेकिन एमडी बनाने के रॉ मैटेरियल बरामद किया गया। यहां से ओसियां जोधपुर निवासी रामप्रताप को हिरासत में लिया गया। यह मेडिकल स्टोर संचालक भी है। सहाय ने बताया कि चौथी रेड अमरेली गुजरात में की। जिसमें तिरुपति कैंप इंडस्ट्री में रेड कर 6:30 किलो एमडी और 4 लीटर लिक्विड एमडी बरामद की। यहां से अमरेली निवासी नितिन काबड़िया और किरीट मंडाविया को हिरासत में लिया गया। चारों जगहों से बरामद ड्रग की कीमत करीब 230 करोड़ बताई जा रही है।

### महादेव सट्टेबाजी एप मामला

## बॉलीवुड अभिनेता साहिल खान 1 मई तक पुलिस हिरासत में

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता साहिल खान कानून के शिंकजे में फंसते जा रहे हैं। मुंबई साइबर सेल की एसआईटी ने उन्हें महादेव सट्टेबाजी एप मामले में गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी से पहले जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया। साहिल खान को रविवार को शिंदेवाड़ी-दादर अदालत में पेश किया गया। इसके बाद अभिनेता को 1 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले को लेकर साहिल खान का कहना है कि उन्हें मुंबई पुलिस और कानून पर पूरा यकीन है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी। महादेव सट्टेबाजी एप मामले में फंसे साहिल खान के मामले को उनके वकील मुजाहिद अंसारी देख रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज़

### पत्नी के जाने के बाद सास पर आया दिल ससुर ने दोनों की करवा दी शादी



**बांका।** बिहार के बांका में अजब-गजब लव का मामला सामने आया है। दामाद को अपनी सास से प्यार हो गया। दोनों के बीच इश्क परवाने चढ़ने लगा। इसकी भनक जब ससुर को लगी तो उसने अपनी पत्नी के साथ दामाद की शादी करवा दी। आज पूरे जिले में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला बांका थाना अंतर्गत छत्रपाल पंचायत के हीर मोती गांव का है। बताया जा रहा है कि 55 वर्षीय दिलेश्वर दर्वे की 45 वर्षीय पत्नी गीता देवी का उसके दामाद सिंकदर यादव (कटोरिया थाना क्षेत्र के धोवनी गांव निवासी) से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पत्नी के निधन के बाद दामाद अपने ससुराल में ही रहने लगा। इसी दौरान सास और दामाद एक-दूसरे के करीब आए। गीता देवी के पति को शक हुआ तो उसने पड़ताल की। इसके बाद दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। दिलेश्वर ने इसकी सूचना पंचायत को दी। पंचायत और ग्रामीणों के सामने सिंकदर यादव ने अपनी सास से प्यार का इजहार कर दिया। इसके बाद दिलेश्वर और ग्रामीणों ने मिलकर सिकंदर और गीता देवी की शादी करवा दी। इतना ही नहीं दिलेश्वर ने अपनी पत्नी और दामाद को कोर्ट मैरिज भी करवा दिया। ग्रामीणों के समक्ष सिकंदर गीता देवी को लेकर अपने घर विदा हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि सिकंदर की शादी 30 साल पहले दिलेश्वर और गीता देवी की बेटी से हुई थी। सिकंदर की पत्नी अपने पीछे एक बेटी और एक बेटे को छोड़कर चली गई। इसके बाद से सिकंदर अपने ससुराल में रहने लगा। इसी दौरान उसकी सास से उसका प्रेम-प्रसंग चलने लगा। इस बात की भनक दिलेश्वर को लगी तो उसने दोनों की शादी करवा दी।

### राजस्थान में 25 लाख की रिश्वत के मामले में कलेक्टर निपटे, पद से हटाया




**जोधपुर।** राजस्थान में दूदू जिले के कलेक्टर हनुमानमल ढाका को मुख्यमंत्री भजनलाल ने देर रात एपीओ कर दिया। ढाका के खिलाफ 25 लाख रुपए रिश्वत की डिमांड से जुड़े प्रकरण में एसीबी ने शनिवार को कार्रवाई की थी। इसके बाद देर रात कार्मिक विभाग ने उन्हें एपीओ किए जाने के आदेश जारी कर दिए। मामला जमीन कनर्वजन से जुड़ा हुआ थ। जिसमें परिवादी से कलेक्टर ने पटवारी के जरिए 25 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के अनुसार रिश्वत की राशि में से 7.5 लाख रुपए कलेक्टर द्वारा अपने डाक बंगले पर मंगवाया जाना रिकॉर्डिंग वार्ता में स्पष्ट हुआ है। हालांकि, एसीबी की कार्रवाई की भनक लगने के बाद कलेक्टर खुद परिवादी के घर भी पहुंच गए। लेकिन तब तक एसीबी सारे साक्ष जुटा चुकी थी। शुक्रवार सुबह एसीबी ने दूदू हल्का पटवारी हंसराज और कलेक्टर हनुमानमल ढाका के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की। मामले में कलेक्टर, पटवारी के खिलाफ ढउ एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जा चुका है।

### कोस्ट गार्ड-एनसीबी ने समुद्री सीमा के पास 14 पाकिस्तानियों को किया गिरफ्तार




**अहमदाबाद।** गुजरात की समुद्री सीमा पर भारतीय कोस्ट गार्ड ने रविवार को एक अभियान चलाकर 14 पाकिस्तानियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग 90 किलो नशीले पदार्थ के सात पकड़े गए। बताया गया है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), गुजरात एटीएस और कोस्ट गार्ड ने गुजरात के तटीय क्षेत्र में संयुक्त तौर पर ऑपरेशन चलाकर नशे की तस्करी को रोका। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, इसे लेकर कुछ दिन पहले ही खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद एजेंसियों ने साथ मिलकर पूरी तैयारी के साथ ड्रग्स तस्करी को रोका।

### बिल्डर ने बनाकर नहीं दिया घर, अब देने होंगे 9 लाख रुपए

**भोपाल।** कई बार आम आदमी हर जगह से थक हारकर कोर्ट के पास उम्मीद लेकर जाता है। वहीं, कोर्ट से उसे न्याय भी मिलता है। न्यायालय के साथ ही कई बार उपभोक्ता अपनी परेशानी लेकर कन्ज्यूमर फोरम जाता है। वहां पर होने वाला फैसला एक बानगी बन जाता है। एक ऐसा ही मामला भोपाल में सामने आया है, जहां पर एक आम आदमी को 9.71 लाख रुपये का हर्जान मिलेगा। और इस हर्जाने का भुगतान एक बिल्डर की तरफ से दिया जाएगा। पीड़ित के अनुसार उसने वर्ष 2013 में साढ़े 14 लाख रुपए एडवांस देकर एक आवासीय प्रोजेक्ट के तहत प्लॉट बुक कराया था। बिल्डर के साथ 41 लाख रुपये में मकान निर्माण कर देना तय हुआ था।

**इराक की संसद में कानून पास** | धार्मिक मूल्यों को बनाए रखने के मकसद से इराक ने समलैंगिक विवाह को अपराध की श्रेणी में रखा

# समलैंगिक रिश्तों पर 15 साल की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान

**वॉशिंगटन।** इराक की संसद ने समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया है। इस कानून के तहत समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों पर भारी जुर्माना और जेल की सजा देने की भी बात कही गई है। हालांकि इराक में वेश्यावृत्ति विरोधी और समलैंगिकता कानून के पारित होने की अमेरिका ने निंदा की। अमेरिका का कहना है कि यह कानून संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है। इराक की संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी में रखने वाले एक कानून को पारित किया है। समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को अधिकतम 15 साल जेल की सजा देने का फैसला लिया है। इराक का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य धार्मिक मूल्यों को बनाए रखना है। कानून की प्रति में कहा गया है कि कानून का उद्देश्य इराकी समाज को नैतिक भ्रष्टता और समलैंगिकता के आह्वान से बचाना है, जिसने दुनिया को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, इराक के इस कदम की कई देशों ने निंदा की गई।




### विदेशी निवेश को आकर्षित करने की क्षमता होगी कमजोर

आगे कहा गया है, यह संशोधन इराकी समाज में सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों के लिए खतरा है। इसका उपयोग मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति में बाधा डालने और इराक गैर सरकारी संगठनों के संचालन को रोकने के लिए किया जा सकता है। वहीं इस बात की भी आलोचना की गई है कि यह इराक की अर्थव्यवस्था में विविधता लाने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने की क्षमता को भी कमजोर करता है।

### अमेरिका ने जताई चिंता

अमेरिकी विदेश विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा, अमेरिका इराकी संसद द्वारा मौजूदा कानून में संशोधन पारित होने से बहुत चिंतित है। यह बदलाव संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है।

कानून कुछ व्यक्तियों के अधिकारों को सीमित करेगा, इसे लेकर विज्ञप्ति में कहा गया है कि कानून समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाता है। साथ ही जुमार्ना और जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को भी सजा देने की बात कही गई है। कानून में हुए बदलाव से समाज में कुछ लोगों के अधिकार सीमित होंगे।

### देश में व्यापार और आर्थिक विकास को नुकसान होगा

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार गठबंधन पहले ही संकेत दे चुका है कि इराक में इस तरह के भेदभाव से देश में व्यापार और आर्थिक विकास को नुकसान होगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इराक की सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के लिए मानवाधिकारों और राजनीतिक और आर्थिक समावेश के लिए सम्मान आवश्यक है। यह कानून इन मूल्यों पर खरा नहीं उतरता है और सरकार के राजनीतिक और आर्थिक सुधार प्रयासों को कमजोर करता है।

## ब्रीफ न्यूज़

### बांग्लादेश और यूएई समेत छह देशों को 99150 मीट्रिक टन प्याज होगा निर्यात

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने छह देशों, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम अनुमानों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए लिया गया है। निर्यात की सुविधा के लिए, नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) को इन देशों को प्याज निर्यात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एनसीईएल प्रतिस्पर्धी कीमतों पर ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से घरेलू उत्पादकों से प्याज इकट्ठा करेगा। इस प्याज की आपूर्ति नामित एजेंसियों या गंतव्य देशों की एजेंसियों या बातचीत के आधार पर तय की दरों पर 100 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के साथ की जाएगी। महाराष्ट्र, देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक होने के नाते, निर्यात के लिए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता होगा। इसके अलावे, सरकार ने 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। इसका उत्पादन विशेष रूप से मध्य पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों में निर्यात करने के लिए किया जाता है। सफेद प्याज की उत्पादन लागत बीज की ऊंची कीमत और अच्छी कृषि पद्धतियों को अपनाने के कारण सामान्य प्याज की तुलना में अधिक होती है।

### विदेश में कारोबार बढ़ा रही बोल्ट, अब आईपीओ लॉन्च करने का है प्लान

नई दिल्ली। भारत के कंज्यूमर टेक ब्रांड बोल्ट की योजना अगले साल आईपीओ लाने की है। कंपनी के सह-संस्थापक वरुण गुप्ता ने कहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 में 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने के बाद आईपीओ लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कंपनी अंतरराष्ट्रीय बाजार और नई श्रेणियों में विस्तार कर रही है।

वरुण गुप्ता ने कहा-हम इस वर्ष आईपीओ पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं, लेकिन शायद अगले साल विचार करेंगे। हमारा पहला ध्यान बाजारों, अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक क्षेत्रों और नई श्रेणियों में प्रवेश करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने आईपीओ लाने से पहले अपने लिए एक आंतरिक लक्ष्य तय किया है। उन्होंने बताया- जब हम 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल कर लेंगे, तभी हम आईपीओ के लिए जाना चाहते हैं। तकनीकी रूप से, हम आज आईपीओ ला सकते हैं, क्योंकि हम मुनाफे में हैं लेकिन हमने 1,000 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य तय किया है और उसके बाद ही हम खुद को आईपीओ के लिए योग्य मानेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी ऑफलाइन रिटेल स्टोर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। बोल्ट अब विदेश में कारोबार विस्तार कर रही है। कंपनी की योजना जुलाई 2024 तक यूरोप में, दिवाली के बाद ऑस्ट्रेलिया में और 2025 की पहली छमाही में अफ्रीका में लॉन्च करने की है। मेक इन इंडिया ब्रांड पर जोर देते हुए गुप्ता ने कहा कि 99 प्रतिशत उत्पाद जो हम भारत में बेचते हैं। भारत में निर्मित और असेंबल किया गया। बोल्ट की वर्तमान में दिल्ली में एक मैन्युफैक्चरिंग फैसलिटीज है। कंपनी गुड़गांव में एक और स्थापित कर रही है। कंपनी ने अभिनेता सैफ अली खान और क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

# अनिल अंबानी की कंपनी के बिकने का इंतजार, लेंडर्स की बढ़ी चिंता

नई दिल्ली। अनिल अंबानी की कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के लेंडर्स ने समाधान योजना की धीमी प्रगति पर चिंता जताई है। उन्होंने हिंदुजा समूह की शाखा इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड से जरूरी नियामक मंजूरियां हासिल करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और 27 मई की समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहने को कहा है। एक सूत्र ने कहा कि इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स (आईआईएचएल) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को मुंबई में हुई बैठक में रिलायंस कैपिटल के ऋणदाताओं ने कहा कि कंपनी को 27 मई तक उन्हें 9,650 करोड़ रुपये का भुगतान करना है।




### 90 दिन में लागू करने का है निर्देश

बता दें कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मुंबई ने 27 फरवरी को समाधान योजना को मंजूरी देते हुए आईआईएचएल को 90 दिनों के भीतर यानी 27 मई तक समाधान योजना को लागू करने का निर्देश दिया था। स्वीकृत समाधान योजना के अनुसार आईआईएचएल को रिलायंस कैपिटल के ऋणदाताओं को 9,650 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान करना है।

### इरडा की मंजूरी का इंतजार

सूत्रों के अनुसार आईआईएचएल को समाधान योजना पर अभी तक बीमा नियामक इरडा की महत्वपूर्ण मंजूरी नहीं मिली है। इरडा ने रिलायंस कैपिटल के बीमा कारोबार को आईआईएचएल को हस्तांतरित करने के लिए प्रस्तावित कॉरपोरेट ढांचे पर कई सवाल और चिंताएं उठाई हैं और कंपनी ने अभी तक उन चिंताओं का समाधान नहीं किया है। बता दें कि रिलायंस कैपिटल यानी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के बीमा कारोबार को आईआईएचएल को हस्तांतरित करने के लिए इरडा की मंजूरी महत्वपूर्ण है।

### 17 मई को समाप्त हो रही यह मंजूरी

रिलायंस कैपिटल के कारोबार को आईआईएचएल को हस्तांतरित करने पर आरबीआई की मंजूरी भी 17 मई को समाप्त हो रही है। केंद्रीय बैंक ने यह मंजूरी 17 नवंबर को दी थी, जो केवल छह महीने के लिए वैध थी। यदि आईआईएचएल समय-सीमा के भीतर समाधान प्रक्रिया को पूरा करने में विफल रहती है, तो नए सिरे से मंजूरी के लिए फिर से आरबीआई के पास आवेदन करना होगा।

# शेयर बाजार में 1 साल में 4 करोड़ निवेशक बढ़े, 32% बीमारू राज्यों के

मुंबई। शेयर बाजार में तेजी और स्थायित्व लाने में अहम भूमिका निभा रहे रिटेल इन्वेस्टर की संख्या (डीमैट अकाउंट) एक साल में 4.03 करोड़ (31.23%) बढ़ी है। इनमें 1.28 करोड़ (32.16%) नए निवेशक बिहार, मध्य प्रदेश (टढ), राजस्थान और उत्तर प्रदेश से आए हैं। यह वे राज्य हैं जिन्हें आर्थिक रूप से पिछड़ा बताकर बीमारू राज्यों की श्रेणी में रखा जाता था। इनकी तुलना में संपन्न माने जाने वाले तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना में केवल 52.10 लाख (12.92%) रिटेल निवेशक बढ़े।




### यूपी में एक साल में 57.24 लाख नए इन्वेस्टर जुड़े

उत्तर प्रदेश में अब कुल निवेशकों की संख्या बढ़कर 1.81 करोड़ हो गई है। वह गुजरात को पीछे छोड़कर महाराष्ट्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा शेयर निवेशकों की आबादी वाला राज्य बन गया है। महाराष्ट्र में कुल 3.19 करोड़ निवेशक हैं।

### केरल में एक साल में सिर्फ 7.08 लाख निवेशक बढ़े

देश के संपन्न या समृद्ध राज्य माने जाने वाले केरल में बीते एक साल में सिर्फ 7.08 लाख निवेशक बढ़े हैं। ये वहीं कर्नाटक में बीते एक साल में 19.02 लाख नए निवेशक शेयर बाजार से जुड़े हैं। हालांकि महाराष्ट्र में इसकी संख्या 62.64 लाख रही।

### 3 साल में 3 गुना हुए डीमैट अकाउंट की संख्या

वहीं तीन साल में डीमैट अकाउंट तीन गुना से ज्यादा हो गए। 2021 में इनकी संख्या 5.44 करोड़ थी, जो बढ़कर 16.96 करोड़ हो गई है। मेहता इक्विटीज के डायरेक्टर प्रशांत भंसाली ने कहा- अगले 12 महीनों में 20 करोड़ डीमैट अकाउंट तक पहुंचना संभव लगता है।

### बीते एक साल में सेंसेक्स में 20 की तेजी रही

बीते एक साल में 20 की तेजी देखने को मिली है। 1 साल पहले यानी 28 अप्रैल 2023 को सेंसेक्स 61,112 अंक पर था जो अब यानी 28 अप्रैल 2024 को 73,730 अंक पर पहुंच है। एक्सपर्ट्स के अनुसार इसमें आने वाले दिनों में भी तेजी जारी रहने के आसार हैं।

# एक ही पॉलिसी में मिलेगा लाइफ हेल्थ और प्रॉपर्टी का बीमा!

नई दिल्ली। जल्द ही कई तरह के इंश्योरेंस यानी बीमा का लाभ एक ही पॉलिसी में मिलेगा। इसे बीमा विस्तार नाम दिया जा सकता है। इस एक ही पॉलिसी में लाइफ, हेल्थ, प्रॉपर्टी और पर्सनल एक्सिडेंट कवर मिलेगा। फैमिली फ्लोटर यानी एक पॉलिसी में सभी घरवालों को बीमा कवर का फायदा भी होगा। बीमा रेगुलेटर इरडा (क्रक्नक्रढ्ढ) ने हाल में हैदराबाद में इस पॉलिसी पर बीमा कंपनियों के साथ मंथन किया है। इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक, इसका प्रीमियम 1500 रुपये प्रति पॉलिसी के आसपास तय किया जा सकता है। इस बीमा विस्तार पॉलिसी का मकसद गांवों समेत देश की ज्यादा से ज्यादा आबादी तक बीमा मुहैया कराना है।



हेल्थ कवर भी होगा। इसमें 10 दिनों के लिए अधिकतम 5000 रुपये तक के बिल का कैशलेस भुगतान बिना दस्तावेज जमा किए क्लेम किया जा सकेगा। लाइफ कवर का प्रीमियम 800 रुपये के करीब हो सकता है। वहीं, 500 रुपये में हेल्थ कवर और 100 रुपये के प्रीमियम में पर्सनल एक्सिडेंट कवर मिल सकता है। प्रॉपर्टी कवर का प्रीमियम 100 रुपये से कम रखा जा सकता है।

### हर बीमा के लिए क्लेम सेटलमेंट अलग-अलग

बीमा विस्तार पॉलिसी में अलग-अलग सेगमेंट्स के लिए क्लेम सेटलमेंट का तरीका अलग हो सकता है, जिसे बीमा कंपनियां तय करेंगी। इस पॉलिसी को बेचने वाले एजेंटों को 10 कमिशन दिया जा सकता है। इरडा काफी समय से बीमा सुगम, बीमा विस्तार और बीमा वाहक के रूप में बीमा त्रयी पेश करने की तैयारी में है। डिजिटल प्लैटफॉर्म बीमा सुगम को इरडा ने पिछले महीने मंजूरी दी थी। यह हर तरह की बीमा पॉलिसी खरीदने, बेचने और क्लेम सेटल करने के लिए ऑनलाइन इंश्योरेंस मार्केटप्लेस की तरह काम करेगा।

# जुलाई से पटरी पर दौड़ने लगेगी वंदे मेट्रो!

**नई दिल्ली।** वंदे मेट्रो ट्रेन का इंतजार खत्म होने वाला है। अगर सब कुछ सही रहा तो इस साल जुलाई से वंदे मेट्रो पटरी पर दौड़ने लगेगी। आने वाले समय में इसे मुंबई लोकल की जगह भी चलाया जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि वैसे तो यह ट्रेन 4, 8, 12 और 16 कोच तक की हो सकती है। लेकिन इसकी शुरूआत 12 कोच की ट्रेन से होगी। प्रत्येक डिब्बे में दिल्ली मेट्रो की तरह ही बैठने की व्यवस्था होगी। अगर डिब्बे के बीच में भी बैठने का अरेंजमेंट होगा तो उसके लिए भी चौड़ी बेंच लगाई जाएंगी। रेलवे ने बताया कि मेट्रो की तरह ही इस ट्रेन में टिकट लेकर यात्रा की जा सकेगी। टिकट रिजर्व कराने की जरूरत नहीं होगी। यह ट्रेन छोटी दूरी के लिए होगी। आने वाले समय में वंदे मेट्रो मुंबई लोकल की जगह भी ले सकेगी, जहां लोकल ट्रेनों की अत्याधिक डिमांड रहती है। मुंबई लोकल के अलावा दिल्ली, चेन्नै और कोलकाता में भी वंदे मेट्रो चलाई जाएगी। फिलहाल इस ट्रेन का किराया कितना होगा इस पर तस्वीर कुछ साफ नहीं है। लेकिन संकेत दिए जा रहे हैं कि किराया आम आदमी की जेब के हिसाब से ही रखा जाएगा।

# 2030 तक ई-कॉमर्स का तीसरा सबसे बड़ा बाजार होगा भारत

**नई दिल्ली।** 2030 तक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-कॉमर्स बाजार बन जाएगा और डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 8,000 करोड़ डॉलर हो जाएगा। वहीं, इसी साल तक भारत का ई-कॉमर्स बाजार बढ़कर करीब 3,250 करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है। एक अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत में 50 करोड़ से ज्यादा लोग ऑनलाइन खरीदारी कर रहे होंगे। फिलहाल, भारत का ई-कॉमर्स बाजार करीब 1,130 करोड़ डॉलर का है, जो करीब 21% सालाना की दर से बढ़ रहा है। इसके बढ़ने का सबसे बड़ा कारक 13.5 रुपये प्रति जीबी की दर से किफायती इंटरनेट है। मोबाइल से इंटरनेट तक पहुंच में 2019 की तुलना में 2023-24 में 21 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2025 तक 87% घरों में इंटरनेट कनेक्शन होगा। इंटरनेट उपभोक्ताओं के साथ ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की संख्या में वृद्धि का अनुमान है। 2019 से 2026 के बीच ग्रामीण भारत में 22 फीसदी की वार्षिक दर से सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 88 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी।

## खेल

# क्या कोलकाता में इस बार बनेगा 300 रन का रिकॉर्ड?

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 47वां मुकाबला कोलकाता नाइटराइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 29 अप्रैल को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इस सीजन यह दोनों टीमों के बीच दूसरा मुकाबला होगा। जब पहली बार दोनों टीमें इस सीजन विशाखापत्तनम में मिली थीं। तो केकेआर ने बाजी मारी थी। हालांकि उस वक्त डीसी अपनी फॉर्म तलाश रही थी। लेकिन अब वह गजब की लय में चल रहे हैं। पिछले 5 में से 4 मैच जीतकर दिल्ली कोलकाता पहुंचेगी। वहीं दूसरी ओर अब तक केकेआर का यह सीजन जबरदस्त रहा है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच एक टक्कर के मुकाबले की उम्मीद है। तो आइये जानते हैं कि इस रोचक मुकाबले में पिच का मिजाज कैसा रहने वाला है।




### कोलकाता और दिल्ली के मैच की पिच रिपोर्ट


कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में इस बार रनों की बरसात हो रही है। बल्लेबाजों के लिए यह पिच स्वर्ग साबित हो रही है। हर मैच में 200 से ज्यादा रन इस पिच पर बन रहे हैं और चेज भी हो रहे हैं। पिछला मैच इधर कोलकाता और पंजाब के बीच खेला गया था, जिसमें इतिहास बन गया। केकेआर ने पंजाब को 262 रन का लक्ष्य दिया था, जोकि पंजाब किंग्स ने 8 गेंदें रहते चेज भी कर लिया था। यह टी20 क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा रनचेज था। ऐसे में कोलकाता और दिल्ली के बीच भी एक हाई स्कोरिंग मुकाबला होने की पूरी संभावना है। आईपीएल के इतिहास में अब तक कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कुल 91 मुकाबले खेले गए हैं।

### मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

कोलकाता नाइटराइडर्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

# भारत को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाला गुरु पाकिस्तान को देगा कोचिंग

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम के लिए दो नए-नए कोच को नियुक्त किया है। व्हाइट बॉल के लिए पाकिस्तान का अब अलग कोच होगा और रेड बॉल के लिए अलग होगा। व्हाइट बॉल कोच के रूप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका के गैरी कर्स्टन को कोच बनाया है। गैरी कर्स्टन के नेतृत्व में ही भारत ने 2011 का वनडे वर्ल्ड कप 28 साल बात जीता था। इसके अलावा रेड बॉल क्रिकेट यानी टेस्ट फॉर्मेट में पाकिस्तान के हेड कोच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलस्पी होंगे।




### जेसन गिलेस्पी का करियर

जेसन गिलेस्पी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में जमकर सुर्खियां बटोरी हैं। जेसन गिलेस्पी ने अपने करियर में कुल 71 टेस्ट, 97 वनडे और 1 टी20 मुकाबला खेला है।

### आईपीएल का भी अच्छा अनुभव रखते हैं गैरी

पाकिस्तान के नए व्हाइट बॉल क्रिकेट के हेड कोच गैरी कर्स्टन को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। वह दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी फ्रेंचाइजी के हेड कोच रह चुके हैं। इसके अलावा गैरी कर्स्टन आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस के बैटिंग कोच के साथ-साथ मेंटॉर भी हैं। गैरी कर्स्टन सिर्फ एक अच्छे कोच नहीं बल्कि एक अच्छे खिलाड़ी भी थे।

उन्होंने साउथ अफ्रीका के लिए अपने करियर में कुल 101 टेस्ट और 185 वनडे भी खेले हैं। इस दौरान उन्होंने टेस्ट में 45 की औसत से 7289 रन और वनडे में 41 की औसत से 6798 रन बनाए हैं। टेस्ट में गैरी के नाम 21 शतक और 34 अर्धशतक हैं। वनडे में उनके नाम 13 शतक और 45 अर्धशतक हैं।



# खुद को कैसे सुपर फिट रखते हैं महेंद्र सिंह धोनी?

**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के महानतम और सबसे उम्रदराज क्रिकेटर्स में से एक हैं। वह 42 साल की उम्र में भी अपनी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इस सीजन प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं और लंबे-लंबे छक्के लगा रहे हैं। हालांकि, उनकी इस कामयाबी और फिटनेस के पीछे क्या राज है, इसको लेकर कभी बातचीत नहीं हुई। अब आईपीएल के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में धोनी ने खुलासा किया है कि वह अपने नींद के टाइम टेबल को लेकर काफी सीरियस हैं। उन्होंने कहा कि इसे कई लोगों ने बेतुका बताया लेकिन माही ने कभी उनकी बात नहीं सुनी और इसी ने उन्हें आईपीएल मैचों के लिए तरोताजा रहने में मदद की।

वीडियो में धोनी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, कुछ लोगों के मुताबिक यह सबसे बेतुका टाइम-टेबल में से एक था, लेकिन वर्षों से इसने मेरी मदद की। आईपीएल शुरू होने से पांच-सात दिन पहले मैं इस तरह सोचना शुरू कर देता हूं और मैं अपना दिमाग उसी तरह से ट्रेनिंग करना शुरू कर देता हूं। हमारे पास प्लस पॉइंट था कि हम उस फ्लाइट को पकड़ने की कोशिश करते थे जो 12 बजे के बाद होती थी। धोनी ने कहा- मैं बहुत देर तक सोता था क्योंकि जब मैच होते हैं, तो 8 से 11-11.30 तक चलते हैं। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के बाद कोई भी खिलाड़ी अपना किट बैग पैक करता है। फिर देर रात खाना होता है। जब तक आप होटल वापस पहुंचते हैं, तब तक लगभग रात के 1-1:15 बज चुके होते हैं। उसके बाद आपको होटल में अपना सामान पैक करना होता है, किट बैग को बाहर छोड़ देना होता है और जब तक आप यह सब करते हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, मान लीजिए कि लगभग रात के 2.30 बज चुके होते हैं।

मृदुभाषी
राजधानी
इंदौर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024


# तीसरे चरण की 9 सीटों पर भाजपा को राजगढ़-मुरैना में टक्कर

## गुना सीट सेफ, विदिशा में शिवराज सिंह चौहान लीड बढ़ाने लगा रहे जोर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तीसरे चरण में 7 मई को भोपाल, विदिशा, राजगढ़, बैतूल, सागर, गुना, ग्वालियर, मुरैना और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित भिंड सीट पर मतदान होगा। इन सीटों पर महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे मोदी के चेहरे, राममंदिर और हिंदुत्व के सामने दब गए हैं। कुछ सीटों पर लंबे समय से भाजपा का कब्जा है, जहां उसकी राह आसान दिख रही है। वहीं, टक्कर वाली सीटों पर राजनीतिक पार्टियां जातिगत फैक्टर के साथ ही वोटरों को साधने हर कोशिश में जुटी हुई हैं। इन सीटों पर दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक केंद्रीय मंत्री की साख भी दांव पर लगी है।





### राजगढ़ में कांटे की टक्कर

राजगढ़ सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रोडमल नागर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। राजगढ़ सीट दिग्विजय सिंह का गढ़ है। रोडमल नागर के खिलाफ जनता में नाराजगी है। ऐसे में भाजपा ने अपनी रणनीति बदलते हुए यहां पर मोदी के चेहरे के साथ राममंदिर, हिंदुत्व के मुद्दे को आगे कर दिया है। दिग्विजय सिंह ने भी पूरा जोर लगा दिया है। वह राजगढ़ से दो बार सांसद रह चुके हैं। वे अपना आखिरी चुनाव बता इमोशनल कार्ड खेल रहे हैं। 77 साल की उम्र में पदयात्रा निकालकर अपने संपर्क को सक्रिय किया। यहां मुकाबला कांटे की टक्कर वाला हो गया है। 2004 से यह सीट भाजपा के पास है। 2019 में रोडमल नागर 4,31 लाख वोट से जीते थे।

**विधानसभा सीटें:** राजगढ़ सीट पर आठ विधानसभा सीटें हैं। जिनमें से 6 भाजपा और दो कांग्रेस के पास हैं।

### मुरैना में मुकाबला रोचक हुआ

मुरैना संसदीय सीट पर भाजपा ने पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू पर दांव लगाया है। सत्यपाल के भाई सतीश सिकरवार विधायक हैं और भाभी शोभा सिकरवार ग्वालियर से मेयर हैं। यहां पर दोनों ठाकुर प्रत्याशियों के चलते वोट दोनों के बीच बंट सकता है। ऐसे में दलित और ब्राह्मण वोटर्स जीत-हार तय कर सकता है। इसको देखते हुए चुनाव से पहले भाजपा ने बसपा से पूर्व विधायक बलवीर सिंह दंडोतिया को भाजपा में शामिल करा लिया है। मुरैना में कांग्रेस के पांच विधायक हैं। हालांकि यहां पर मोदी भी फैक्टर है। ऐसे में मुरैना में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। इस सीट पर 1996 से भाजपा का कब्जा है। 2019 में नरेंद्र सिंह तोमर 1.13 लाख वोट से जीते थे।

**विधानसभा सीटें:** मुरैना सीट पर 8 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से पांच पर कांग्रेस का कब्जा है। वहीं, तीन पर भाजपा विधायक हैं।

### विदिशा में मार्जिन बढ़ाने का जोर

विदिशा सीट पर भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री और पांच बार सांसद रहे शिवराज सिंह चौहान को मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व सांसद भानु प्रताप शर्मा को टिकट दिया है। यहां मोदी के साथ ही राममंदिर भी मुद्दा है। यह सीट भाजपा का गढ़ है। इसके बावजूद शिवराज सिंह लगातार गांव-गांव में घूम कर प्रचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी भानु प्रताप शर्मा लंबे समय से सक्रिय नहीं हैं। वहीं, कई कांग्रेस के सक्रिय नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ले ली। इसने भी कांग्रेस प्रत्याशी की चुनौती बढ़ा दी। यहां पर शिवराज आगे दिख रहे हैं। यह सीट 1989 से भाजपा के पास है। 2019 में रमाकांत भार्गव 5.3 लाख वोटों से चुनाव जीते थे।

**विधानसभा सीटें:** विदिशा सीट पर 8 विधानसभा सीटें हैं। जिनमें से 7 भाजपा और एक सिलवानी कांग्रेस के पास है।

### भिंड में कांग्रेस एंटी इंकम्बेंसी के भरोसे

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित भिंड लोकसभा सीट पर भाजपा ने सांसद संध्या राय को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ जनता में नाराजगी है। वहीं, फूल सिंह बरैया की दलित वोटरों में अच्छी पकड़ है। इसी सीट पर 30 प्रतिशत से ज्यादा दलित और आदिवासी वोटर हैं। यहां पर केंद्र की पीएम आवास समेत अन्य योजनाओं के चलते मोदी को लोग पसंद कर रहे हैं। फूल सिंह बरैया दमदार चेहरा होने से चुनाव में बने हुए हैं। इस सीट पर 1989 से भाजपा का कब्जा है। 2019 का चुनाव 1,99 लाख वोट से भाजपा ने जीता था।

**विधानसभा सीटें-** भिंड सीट पर 8 विधानसभा सीटें हैं। जिनमें से चार भाजपा और चार कांग्रेस के पास है।

### ग्वालियर में कांग्रेस दे रही टक्कर

ग्वालियर में भाजपा ने सांसद विवेक शेजवलकर का टिकट काटकर ओबीसी से आने वाल भारत सिंह कुशवाह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने प्रवीण पाठक को प्रत्याशी बनाया है। दोनों ही पिछला विधानसभा चुनाव हार गए। ग्वालियर सीट भाजपा का गढ़ है। भाजपा मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। इसके आगे बेरोजगारी, महंगाई सभी मुद्दे दब गए हैं। दोनों ही प्रत्याशियों के सामने अपनी पार्टी के भितरघातियों का डर है। प्रवीण पाठक ब्राह्मण हैं। युवा नेता हैं। वे अपनी तरह से चुनाव में पूरा जोर लगा रहे हैं। यहां पर भाजपा 2007 से अब तक लगातार चार चुनाव जीत चुकी है। 2019 का चुनाव भाजपा ने 1,46 लाख वोट से जीता था।

**विधानसभा सीटें:** ग्वालियर में 8 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से चार भाजपा और चार कांग्रेस के पास हैं।

### गुना में भाजपा की स्थिति सेफ

गुना-शिवपुरी संसदीय सीट पर भाजपा ने सांसद केपी यादव का टिकट काट कर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा छोड़कर पार्टी में शामिल होने वाले यादवेंद्र यादव को टिकट दिया है। इस सीट पर सिंधिया परिवार का प्रभाव है। 2019 में कांग्रेस के टिकट पर ज्योतिरादित्य सिंधिया मोदी लहर में चुनाव हार गए थे। यहां कांग्रेस केपी यादव का टिकट काटने से नाराज यादव वोटरों को साधने में लगी है, लेकिन शाह ने एक रैली में गुना को सिंधिया और केपी यादव दो नेता मिलने की बात कहकर समाज की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया है। वहीं, मुरैना में पीएम ने ओबीसी आरक्षण खत्म करने की साजिश करने का कांग्रेस पर आरोप लगाकर यादव वोटरों को साधा। यहां मोदी का चेहरा भी बड़ा फैक्टर है। गुना सीट पर अब तक 19 चुनाव में 11 बार सिंधिया परिवार का सदस्य जीता है। 2019 में केपी यादव 1.25 लाख वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे।

**विधानसभा सीटें:** गुना सीट पर 8 विधानसभा सीटें हैं। जिनमें से 6 भाजपा और दो कांग्रेस के पास हैं।

### भोपाल में भाजपा मोदी मैजिक के भरोसे

भोपाल संसदीय सीट पर भाजपा ने सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर पांच लाख के करीब मुस्लिम वोटर्स हैं। भाजपा को वोटों के ध्रुवीकरण का फायदा हो सकता है। यही वजह है कि भाजपा ने दो विधानसभा चुनाव हारे आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो किया। सड़कों को पूरा भगवामय कर दिया। यहां पर महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मैजिक, हिंदुत्व और राममंदिर के आगे सब दब गए हैं। इस सीट पर तीन लाख ब्राह्मण और ढाई लाख कायस्थ वोटर्स हैं। यही वजह है कि भाजपा ने जाति का कार्ड खेला है। इस सीट पर 1989 से भाजपा का कब्जा है। 2019 में भाजपा की प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को 3.86 लाख वोट से हराया था।

**विधानसभा सीटें:** भोपाल में 8 विधानसभा सीटें हैं। जिनमें से 6 भाजपा और दो सीट कांग्रेस के पास है।

### बैतूल सीट पर भाजपा मजबूत

बैतूल सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। यहां पर भाजपा ने सांसद दुर्गादास उइके को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व प्रत्याशी रामू टेकाम को टिकट दिया है। बैतूल में भाजपा का संगठन लगातार काम कर रहा है। इस सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हरदा में रैली कर चुके हैं। हरदा की दोनों विधानसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। दूसरी तरफ कांग्रेस का संगठन ही एकजुट नहीं है। जिले के पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। इस सीट पर 1996 से भाजपा का कब्जा है। 2019 में भाजपा ने 3,60 लाख वोटों से जीत दर्ज की थी।

**विधानसभा सीटें:** बैतूल में 8 विधानसभा सीटें हैं। जिनमें से 6 भाजपा और दो कांग्रेस के पास है।

### सागर में मोदी की लोकप्रियता भारी

सागर संसदीय सीट पर भाजपा ने राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष लता वानखेड़े को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने गुड्डू राजा बुंदेला को टिकट दिया है। आठ माह में प्रधानमंत्री ने सागर का तीसरा दौरा किया और भाजपा प्रत्याशी के लिए रैली की। इस सीट पर हिंदुत्व, राममंदिर और मोदी के चेहरे पर भाजपा वोट मांग रही है। यहां पर भाजपा के सामने कांग्रेस का संगठन बहुत कमजोर है। यह सीट 1996 से भाजपा के पास है। 2019 में भाजपा तीन लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव जीती थी।

**विधानसभा सीटें:** सागर में 8 विधानसभा सीटें हैं। जिनमें से 7 भाजपा और एक सीट कांग्रेस के पास है।

## ब्रीफ न्यूज़

### भोपाल के रेस्टोरेंट-ढाबों पर आबकारी टीम की दबिश, अवैध शराब जब्त

**भोपाल।** भोपाल में लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक करीब दो करोड़ रुपए से ज्यादा की अवैध शराब और नकद राशि जब्त की जा चुकी है। शनिवार देर रात में भी आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त की। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया के नेतृत्व यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा के निर्देशन में टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों ने शनिवार देर रात अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान अवैध शराब जब्त की गई। आबकारी कंट्रोलर भदौरिया ने बताया, भोपाल की तीन सीमाओं पर स्थित ढाबों पर एक साथ कार्रवाई की गई। इस दौरान नीलबड़ में नेचर कॉटेज, ट्री चैप्टर,व्हाइट ओर्चिड, कॉन्ट्री साइड, रेस्टोरेंट, जहाज रेस्टोरेंट, रायसेन रोड पर जीसी रिट्रीट, शामियाना आचमन, सम्राट गार्डन, देशी तड़का, विदिशा रोड पर सेवन ओक, चंबल ढाबा, युवराज ढाबा पर अवैध शराब पीते हुए कई लोग मिले। इस पर शराब जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36 (ए/बी) के 80 प्रकरण दर्ज किए गए। लगभग 40 बल्क लीटर शराब भी जब्त की गई। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए से ज्यादा है। ढाबों, रेस्टोरेंट पर कई युवा भी शराब पीते मिले। आबकारी विभाग की टीम को देख वे चेहरे छुपाने लगे। उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

### भोपाल में 12वीं के छात्र ने की खुदकुशी, 11वीं में 87 प्रतिशत मार्क्स मिले थे

**भोपाल।** 11वीं में 87 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर हाल ही में 12 वीं में दाखिला लेने वाले एक छात्र ने शनिवार की दोपहर को घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। रविवार की अल सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुसाइड के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। मृतक का मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त कर लिया है। जिसका परीक्षण कराया जाएगा। छोला मंदिर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई दीपक खंडेलवाल ने बताया कि राजा सिंह ठाकुर (17) पुत्र मनोज सिंह ठाकुर निवासी शिव नगर ने हाल ही में 11 वीं कक्षा पास की है।

# कम मतदान प्रतिशत ने भाजपा और चुनाव आयोग दोनों ही सकते में

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के अब तक के दो चरणों में हुए कम मतदान ने भाजपा के माथे पर शिकन बढ़ाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सख्त हिदायतों के बाद नेता पसोपेश में हैं। लाख कोशिशों के बाद मतदान जागरूकता न ला पाने से आयोग भी सकते में है। कोशिशों में जुटी भाजपा ने अब कम मतदान का ठीकरा आयोग के सिर फोड़ते हुए शिकायत कर डाली है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने खजुराहो में हुए कम मतदान को लेकर चुनाव आयोग को घेरे में लिया है। उन्होंने मशीनों की खराबी का हवाला देते हुए धीमी मतदान प्रक्रिया से हुए नुकसान का जिक्र किया है। शिकायत में वीडी शर्मा ने कहा है कि खजुराहो लोकसभा में युवाओं को वोटिंग का मौका ही नहीं मिल पाया, जिसके चलते करीब पांच प्रतिशत युवा वोटर बिना मतदान किए बूथों से वापस लौट गए।



### शाह की सख्ती से सकते में विधायक

केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सख्त हिदायत के बाद प्रदेश के मंत्री और भाजपा विधायक सकते में दिखाई दे रहे हैं। भाजपा नेताओं की ढिलाई के बाद बने हालात को तुरंत सहेजना उनके लिए मुश्किल टास्क नजर आ रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रियों और विधायकों का रिपोर्ट कार्ड तैयार होने की चेतावनी ने इन नेताओं की नींद उड़ा दी है।

### आयोग की नजर अगले चरण पर

मतदान में जागरूकता लाने के लिए चुनाव आयोग भी पिछले कई दिनों से प्रयासों में जुटा हुआ है। मतदान में सुविधाएं, मतदान के बदले आकर्षक ऑफर और लोगों को उनके कर्तव्यबोध के बाद भी लगातार दो चरणों में वोटिंग परसेंटेज न बढ़ पाना आयोग के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। इस स्थिति के चलते उसने अब 7 मई को होने वाले अगले चरण के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

### क्यों गिरा मतदान का प्रतिशत

सियासी समीक्षकों के मुताबिक मतदान प्रतिशत गिरना सत्तारूढ़ दल के खिलाफ जाने वाला फैसला होता है लेकिन इसके तात्कालिक कारणों में गर्मी की अधिकता, शादी-ब्याह का सीजन और दोनों चरणों का मतदान शुक्रवार के दिन होना माना जा रहा है।

# कांग्रेस को राहत, गुटबाजी से दूर रहा यह चुनाव

## कमलनाथ-दिग्विजय-भूरिया व्यस्त, सिंधिया-पचौरी हुए दूर

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव 2024 कांग्रेस की इस परेशानी से आजाद दिखाई दे रहा है, जिसमें उसे खंड खंड में विभाजित पार्टी की तोहमत झेलना पड़ती है। कुछ गुट सरदार अब कांग्रेस से छिटके हुए हैं तो कुछ चुनावी माला पहने हुए अपने-अपने किले की दीवारें संभालने में जुटे दिखाई दे रहे हैं। इस मिलीजुली स्थिति का असर यह है कि कांग्रेस अब तक गुटबाजियों से हुए नुकसान से इस बार कुछ हद तक बेफिक्र है।

प्रदेश में कांग्रेस की गुटबाजी हमेशा इसके नुकसान का कारण बनती रही है। दिग्विजय सिंह, कमलननाथ, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सुरेश पचौरी से लेकर अजय सिंह राहुल, कांतिलाल भूरिया और अरुण यादव तक हर नेता अपना एक अलग गुट और अलग समर्थक टोली लिए बैठा है। एकता पाठ कई बार परोसा गया, लेकिन सारा दिन चले, अढ़ाई कोस की तर्ज पर इसके कभी सकारात्मक परिणाम नहीं मिल पाए। नतीजा कमजोरी के रूप में आया और कांग्रेस को पतन के रसातल तक पहुंच जाने के हालात बनते गए। कमजोरी के इन हालात में लोकसभा चुनाव 2024 पार्टी के लिए बड़ा राहत भरा साबित हो रहा है। कारण यह कहा जा सकता है कि गुटों की बटी सियासत के सरगना अलग अलग कारणों से अपनी व्यस्तता लिए बैठे हैं।







### महत्वाकांक्षाओं के साथ कुछ बाहर

कांग्रेस में घुटन महसूस करते हुए यहां के एक बड़े गुट के अगुआ पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अब भाजपा से ताल मिला रहे हैं। पिता स्व. माधवराव सिंधिया का कांग्रेस दौर भी उनके समकालीन कांग्रेसी नेताओं से अलग थलग रहने में बीता था। अब ज्योतिरादित्य कांग्रेस में एक अलग धुरी अपने आसपास घुमाने की चाह में पार्टी से अलग जा बैठे हैं। उनके समकालीन नेताओं को सुकून हो गया कि आपसी संघर्ष के हालात से उन्हें निजात मिल गए हैं। ऐसे ही कुछ हालात बिना चुनाव लड़े बरसों जलवा कायम रखने वाले पूर्व मंत्री सुरेश पचौरी भी कांग्रेस की खींचतान बढ़ाने से अब निवृत्त हो गए हैं। टिकट कटुआ के नाम से पुकारे जा रहे पचौरी अब भाजपा के प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। हालांकि वे भाजपा के लिए किसी फायदे का सबब नहीं बनने वाले, लेकिन कांग्रेस का संतोष यह है कि उनकी गैर मौजूदगी बाकी नेताओं को सुकून से काम करने की आसानियां दे रही है। कांग्रेस की अगली पंक्ति के नेताओं में शुमार और अपना अपना गुट लिए बैठे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ और पूर्व पीसीसी चीफ कांतिलाल भूरिया इस चुनाव में कांग्रेस को डिस्टर्ब करने के हालात से बाहर दिख रहे हैं। दिग्विजय राजगढ़ से, कमलनाथ बेटे नकुलनाथ के लिए छिंदवाड़ा से और कांतिलाल भूरिया अपनी रतलाम सीट से प्रत्याशी हैं। भाजपा की लहर के दौर में इन नेताओं के सामने अपनी सीट बचाने की मशक्कत लगी हुई है।

# अब मप्र के रण में दिखेंगे राहुल और प्रियंका गांधी

बचे 2 चरणों में सामने आने के हैं सियासी मायने



**भोपाल।** देश में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत दो चरणों में मतदान हो चुका है। मध्य प्रदेश की सभी 29 में से 12 सीटों पर चुनाव निपट चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के प्रमुख नेता प्रचार के मैदान से गायब हैं। राहुल गांधी ने अब तक सिर्फ दो ही सभाएं की हैं, जबकि कांग्रेस का कथित चमत्कारिक चेहरा मानी जाने वाली प्रियंका गांधी वाड्रा भी एक बार नहीं दिखीं। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस अब तीसरे चरण में विशेष रणनीति के साथ प्रचार मैदान में उतरने का मन बना रही है। कांग्रेस का फोकस तीसरे और चौथे चरण में होने वाले चुनावों पर है। पार्टी ने ग्वालियर-चंबल अंचल पर विशेष प्रचार का खाका तैयार किया है। 7 मई को तीसरे चरण के लिए होने वाली वोटिंग के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी प्रचार करने चंबल आने का मन बना रहे हैं।

**भिंड में राहुल गांधी तो मुरैना में प्रियंका करेगी शो:** राहुल गांधी 30 अप्रैल को भिंड के दौरे पर रहेंगे। इसके बाद प्रियंका गांधी 2 मई को मुरैना में रोड शो करेंगी। ग्वालियर-चंबल में 4 लोकसभा सीटें आती हैं, इनमें भिंड, मुरैना, ग्वालियर और गुना शामिल हैं। गुना सीट में 1999 से 2014 तक लगातार कांग्रेस चुनाव जीतती रही है। जब सिंधिया कांग्रेस में थे तब 2019 में बीजेपी के केपी यादव ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को हरा दिया था। इसके बाद सिंधिया ने 2020 में बीजेपी जॉइन कर ली थी।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.ली. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड़, इंदौर (मध्य प्रदेश)पिन- 452011 से प्रकाशित। संपादक - मिलिंद बायवार*। आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117 मो. 07313144237, 83570-89000, Email: mradubhashi.news@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)

मृदुभाषी
अंचल
इंदौर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024

## ब्रीफ न्यूज़

### जिले की महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं का मातृ स्वास्थ्य के संबंध में असेसमेंट किया गया

**रतलाम।** रतलाम जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार के संबंध में जिले की महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं के ज्ञान और कौशल को परखने के लिए राज्य स्तर से महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं का मूल्यांकन किया गया इस संबंध में राज्य कार्यालय से ऑनलाइन लिंक प्रदान करके वस्तुनिष्ठ आधार पर प्रश्न पूछे गए , इन प्रश्नों का महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा अपने निजी ज्ञान के आधार पर उत्तर दिए गए , ऑनलाइन आधार पर हुए एसिसमेंट में महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं के ज्ञान कौशल का परिणाम दिनांक 30 अप्रैल तक प्राप्त हो सकेगा । इस संबंध में जिले के रतलाम शहर , रतलाम ग्रामीण , सैलाना , बाजना , पिपलोदा , आलोट जावरा के मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ 241 एएनएम द्वारा परीक्षा में सहभागिता की गई । ऑनलाइन हुए प्रशिक्षण में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में प्रश्नों का समावेश किया गया था । सी एम एच ओ डॉक्टर आनंद चंदेलकर ने बताया कि महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं के ज्ञान कौशल का परीक्षण कर सुधारात्मक कार्रवाई हेतु उन्हें उन्मुखीकरण किया जाएगा ताकि मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गुणात्मक सुधार लाया जा सके और साथ ही मातृ मृत्यु में कमी लाई जा सके , इस संबंध में जिला स्तर पर गठित दल में नोडल अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील , डी एच ओ डॉक्टर रवि दिवेकर, डी पी एम डॉक्टर अजहर अली, एपीएम श्रीमती हीना मकरानी , डीसीएम श्री कमलेश मुवेल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर प्रमोद प्रजापति एवं आशीष चौरसिया द्वारा विभिन्न विकास खंडों में एएनएम द्वारा दिए जा रहे हैं एसेसमेंट की मॉनिटरिंग की गई, भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील डॉक्टर प्रमोद प्रजापति एवं आशीष चौरसिया ने सैलाना और पिपलोदा स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर असेसमेंट के साथ ही स्वास्थ्य केदो पर लेबोरेटरी जांचों , आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता आदि के संबंध में निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य केदो पर सेवाप्रदायगी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए ।

### मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन 2 को

**मंदसौर।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकरी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें बॉलीवाल प्रतियोगिता 2 मई को सायं 4.30 बजे कॉलेज ग्राउण्ड बालक होस्टल के पास एवं क्रिकेट प्रतियोगिता 3 व 4 मई 2024 को सायं 5.30 बजे नूतन स्टेडियम मंदसौर में आयोजित की जाएगी। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रशासन, पुलिस एवं मीडिया के साथी भाग लेंगे। टीम निर्माण के लिए जिला खेल अधिकारी मोबाइल +9179871 39485 से संपर्क करें।

### लोकसभा चुनाव को दृष्टीगत रखते हुए कस्बा झाबुआ में निकाला गया फ्लैग मार्च



**झाबुआ।** लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए कस्बे में शांति व्यवस्था बनाये रखने व आमजन के मन में पुलिस के प्रति विश्वास को बडाने हेतु पुलिस अधीक्षक झाबुआ श्री पद्म विलोचन शुक्ल की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजनता को बिना किसी भय के मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एवं असामाजिक तत्वों व उपद्रवियों को सचेत कर मतदान के दौरान अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों को सावधान किया गया। आमजन बिना किसी डर या दबाव व प्रलोभन के अपना मताधिकार कर सकते हैं। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे, एडीएम श्री एसएस मुझाल्दा, झाबुआ रउद्र, थाना प्रभारी निरी. राजुसिंह बघेल, यातायात प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक श्री अखिलेश राय भी शामिल हुए।

### साफ हुआ आसमानः एक दिन में एक डिग्री बढ़ा तापमान, थमा वर्षा का दौर, सूरज की धुप हुई तेज

**सारंगपुर।** अप्रैल में मानसून की तरह हो रही बारिश का दौर अब थम चुका है। दौर थमते ही तापमान में भी उछाल आया है जो एक ही दिन में 1 डिग्री बढ़ चुका है। मौसम विभाग की माने तो अब बारिश की कोई संभावना नहीं है। अब तापमान में उछाल आएगा जो मई के पहले सप्ताह से ही 40 डिग्री के पार तक पहुंच सकता है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से एंटी साइक्लोनिक सिस्टम के अलावा तीन और सिस्टम सक्रिय थे जिसके चलते अप्रैल में भी बारिश होने से तापमान कम था। शनिवार से तीनों सिस्टम का प्रभाव समाप्त होने के साथ ही मौसम शुष्क हो गया। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री था जो रविवार को ही 39 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि अब बारिश की कोई संभावना नहीं है। वहीं जो सिस्टम सक्रिय थे उनका प्रभाव भी अब दिखाई नहीं दे रहा है। जिसके चलते अब तापमान बढ़ेगा जो मई के पहले सप्ताह से ही 40 डिग्री या उससे अधिक पहुंच सकता हैं। अब दिन के समय गर्मी का असर काफी तेज हुआ है। वहीं न्यूनतम टेंपरेचर भी 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है।

बच्चों का समूह नृत्य बम बम बोले, कुमारी प्रशस्ति का कथक नृत्य एवं भारतीय संस्कृतियों पर आधारित समूह नृत्य रहे

# केंद्रीय विद्यालय धार में वार्षिकोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया





**धार।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय धार में वार्षिकोत्सव बडे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया ' समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सहायक जिलाधीश विशाल धाकड उपस्थित रहे ' गणमान्य अतिथि के रूप में श्रीमती आभा श्रीवास्तव , प्राचार्या पोलिटेक्निक कॉलेज धार एवं अन्य अतिथि के रूप में मनीष जैन प्राचार्य के वि 2 इंदौर व उनकी पत्नी उपस्थित रहें ' कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य नीरज अस्थाना द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया ' तदुपरांत मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उनकी विभिन्न शैक्षिक एवं शिक्षणेतर उपलब्धियों हेतु पुरस्कृत किया गया ' कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अविभावकों को संबोधित करते हुए श्री विशाल धाकड जी ने बताया की छात्रों को केवल किताबी ज्ञान न लेकर अपितु रुचि परक अध्ययन करना चाहिये ' सांस्कृतिक कार्यक्रम का सञ्चालन मास्टर हर्षित चौहान एवं कुमारी राजवी चौहान ने किया ' समारोह के मुख्य आकर्षण लघु नाटिका ह्लपिता ह्ल प्राथमिक बच्चों का समूह नृत्य बम बम बोले, कुमारी प्रशस्ति का कथक नृत्य एवं भारतीय संस्कृतियों पर आधारित समूह नृत्य रहे ' सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आरव जैन, इन्द्रजीत कौशिल, शुभाङ्ग चतुर्वेदी, कृति, निमिषा, हीरक आदि की प्रस्तुतियों को भी दर्शकों के द्वारा खूब सराहा गया ' समारोह के अन्त में वरिष्ठ स्नातकोत्तर शिक्षक आनंद अय्यर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया ' समारोह के दौरान श्रीमती मनीषा मालवीय, श्रीमती प्रिया दूबे, कैलाश प्रजापति आदि उपस्थित रहे '

शादियों का सीजन, वाहन ओवरलोड, बार-बार ट्रैफिक जाम

# ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल, जाम से जूझ रहे नगर के बाजार

**सारंगपुरः** शादियों का सीजन शुरू होते ही त्योहारो के बाद एक बार फिर बाजार में रौनक छा गई। इस बीच ग्राहकों को रिझाने के लिए व्यापारियों ने सामान सड़कों पर सजा दिया। इससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल हो गई। संकरे रास्तों पर भी ट्रैक्टर व अन्य लोडिंग वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं लग पाने के कारण मुख्य बाजार से निकलना इन दिनों मुश्किल हो गया है। यही वजह हैं कि रविवार को भेरुदरवाजा से लेकर मुख्य बाजार वाले मार्ग पर पूरे दिन जाम के हालात बने। लोग परेशान होते रहे। अपने हिसाब से ही जगह मिलने पर शहरवासी वाहनों को निकालते रहे। व्यवस्था सुधार ने पुलिस भी दिखाई नहीं दी। यही वजह हैं कि बाजार में भारी वाहनों का प्रवेश चलता रहा और बाजार में भी दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी।



### प्रमुख स्थानों पर दिन भर बनी रहती है जाम की स्थिति

नगर के बाजारों में यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई हुई है। प्रमुख स्थानों पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। गाडी तो दूर की बात, लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल बना रहता है। इसमें सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदम लंबे समय तक ठहर नहीं पाते हैं। कुछ दिनों बाद हालात जस के तस हो जाते है। पुलिस-प्रशासन की ओर से समस्या के समाधान के स्थायी ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। नगर के बाजारों की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कोई योजना नजर नहीं आ रही है। भेरुदरवाजा, मुख्य बाजार, गांधी चौक सहित बाजार में दिन में कमोबेश हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इन दिनों शादियों के सीजन में खरीदारों की भीड अधिक होने की वजह से समस्या और भी विकराल हो जाती है। समस्या के समाधान के लिए कई बार वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई, परंतु ये चंद दिनों बाद ही दम तोड गई। उस पर बाजारों में सडकों तक पसरे अतिक्रमण की वजह से पहले से सिकुडी सडकें और भी संकरी हो जाती हैं। वहीं, पार्किंग की व्यवस्था न होने की वजह से बाजारों में गाडियों की रेलमपेल मची रहती है, जो जाम की प्रमुख वजह बनती है।

### क्या बोले शहरवासी

बाजारों की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभावी उपाय किए जाने चाहिए। जगह-जगह पुलिस की तैनाती कर व्यवस्था सुधारी जानी चाहिए। **दिलीप जाधव, अधिवक्ता।**

बाजारों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना चाहिए। पटरी दुकानदारों को नगर में अलग स्थान दिया जाना चाहिए। इससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी। **रमनसिंह, नागरिक।**

दिन में भेरुदरवाजा बाजार, राजीव गांधी चौराहा से बाजार में पैदल चलना भी मुश्किल होता है। बहुत परेशानी होती है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। **अखिलेश राठी, युवा नागरिक।**

देश के अन्य नगरों की तर्ज पर नगर के बाजारों की यातायात व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। **अश्वेंद्र छाबड़ा, लोस प्रभारी, आम आदमी पार्टी।**

बाजारों में वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर आसानी से जाम की समस्या का समाधान किया जा सकता है। बशर्ते ये सख्ती के साथ लागू की जाए। **महेश प्रजापति, संस्थापक, सांई मंदिर समिति।**

यातायात व्यवस्था बनाने के लिए व्यापारियों को भी आगे आना चाहिए। खासतौर पर सभी व्यापारी अपना सामान दुकान के बाहर न रखें, इससे भी काफी सुधार होगा। **अमित दुबे, युवा समाजसेवी।**

कांग्रेस की रही औपचारिक प्रेसवार्ता

# भारतीय मुसलमान और घुसपैठी मुसलमान का अंतर नहीं बता पाई कांग्रेस



**देवास।** देवास शाजापुर लोकसभा चुनाव हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी देवास में आज मीडिया से रूबरू हुए। तिवारी ने प्रेस वार्ता में केवल भाजपा पार्टी से ज्यादा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। विश्व गुरु से लेकर, महिला शक्ति का अपमान, बेरोजगारी, काले धन, किसान मुद्दे पर अपनी बात रखी। कांग्रेस ने किसी भी स्थानीय मुद्दे पर बात नही की, ना ही अपने संकल्पों को मीडिया के सामने रखा गया। उन्हे डर था की हमारे संकल्प भाजपा तक पहुंच जायेगे। पूरी वार्ता में केवल केंद्र की योजनाओं पर कटाक्ष किया गया। कटाक्ष में तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने घुसपैठी मुसलमानों को लेकर संपत्ति बंटवारे का जो बयान दिया है। वह नफरत भरा है वह सिर्फ नफरत की राजनीति करते है। इस बात पर मीडिया ने पूछा कि भारतीय मुसलमान और घुसपैठी मुसलमान में क्या अंतर है? तो उन्होंने गोल-गोल जवाब दिया। वह खुलकर नहीं बता पाए कि घुसपैठी मुसलमान कौन है। साथ ही मीडिया ने पूछा कि मोदी नफरत की राजनीति करते हैं तो उनकी सरकारी योजनाएं सभी को मिलती है। ऐसे कितने मुस्लिम भाई हैं जिन्हें मोदी की योजना का लाभ नहीं मिला बताएं? उसका भी जवाब तिवारी ठीक से नहीं दे पाए। वही प्रत्याशी राजेंद्र राधाकिशन भी मीडिया के सामने देवास शाजापुर के विकास का विजन नही बता पाए। कुल मिलाकर कांग्रेस की आज की प्रेस वार्ता औपचारिक ही रही। उन्होंने ना खुल कर अपने विजन बताएं, ना ही आगे की भविष्य की योजना बताई। उन्होंने सिर्फ मोदी पर ही प्रहार किया। साथ ही तिवारी ने दावा किया की भाजपा को पूरे देश में 150 से ज्यादा सीट नही मिलेगी। कांग्रेस ही अपने सहयोगी दलों के साथ इस बार चुनाव जीतेगी। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र राधाकिशन सहित शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी वार्ता में उपस्थित रहे।

## बोर्ड की पूरक परीक्षा के लिए फॉर्म एक मई से भरे जाएंगे, जून में होगी परीक्षा

**सारंगपुरः** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकंडरी और हाईस्कूल की पूरक परीक्षा के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए बोर्ड की ओर से सभी प्राचार्यों को पत्र जारी किया गया है। बीईओ बीएल सूर्यवंशी ने बताया कि पूरक परीक्षा के फॉर्म 1 मई से भरना शुरू होंगे, जिसमें हायर सेकंडरी की पूरक परीक्षा 8 जून से शुरू होगी। वहीं हाईस्कूल की पूरक परीक्षा 10 जून से शुरू होगी। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की पूरक परीक्षा के लिए आवेदन 1 मई से शुरू होकर हायर सेकंडरी की परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पहले तक एवं हाईस्कूल परीक्षा के लिए विषयवार परीक्षा प्रारंभ के दिनांक से एक दिन पहले तक भरे जा सकेंगे। बता दें कि बोर्ड द्वारा अंतिम बार हाईस्कूल में बेस्ट फाइव योजना के तहत रिजल्ट घोषित किया गया है, बेस्ट फाइव पद्धति के तहत यदि छात्र एक विषय में फेल है और उसका रिजल्ट उत्तीर्ण घोषित किया गया है, ऐसी स्थिति में यदि छात्र अनुत्तीर्ण विषय में पूरक परीक्षा देना चाहे तो वह पूरक परीक्षा में शामिल हो सकेगा। ऐसे छात्र 1 मई से 20 मई तक परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा सुबह 8 से 11 के मध्य निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पूरक परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र 1 जून से ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पंडित पवन पारीक बोले- अक्षय तृतीया मुहूर्त की जरूरत नहीं, भगवान को साक्षी मानकर कर सकतें हैं विवाह

**सारंगपुरः** इस साल आखातीज पर विवाह होंगे या नहीं, उसके मुहूर्त है या नहीं, इसको लेकर लगातार भ्रम की स्थिति बनी हुई है क्योंकि कहां जा रहा है कि गुरु अस्त होने के कारण इस साल आखातीज पर विवाह के मुहूर्त नहीं है। खेड़ापति हनुमान मंदिर पुजारी पं पवन पारीक ने स्थिति स्पष्ट कर दी है की आखातीज पर अबूझ मुहूर्त में भगवान को साक्षी मानकर विवाह हो सकते हैं और होंगे भी। जानकारी के अनुसार आखातीज पर हर बार विवाह होने के लिए मुहूर्त की जरूरत नहीं होती है, लेकिन इस साल आखातीज पर विवाह नहीं होंगे, ऐसी बातें लगातार भ्रम की स्थिति पैदा कर रही थी।

सलाह | कृषि अधिकारियों ने खेत में गहरी जुताई की किसानों को दी जा रही सलाह

# किसान करें गहरी जुताई, खेतों में वर्षा जल के सोखने की बढेगी क्षमता

**सारंगपुरः** किसानों को खरीफ में सोयाबीन सहित अन्य उपज का बेहतर उत्पादन लेने के लिए सारंगपुर कृषि विभाग में पदस्थ कृषि अधिकारियों के द्वारा खेत में गहरी जुताई की सलाह दी जा रही है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि यदि गहरी जुताई की गई आने वाले सीजन में कम लागत में बेहतर उत्पादन होगा। खेत में मौजूद कीट व्याधि की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी तथा खेतों में वर्षा जल के सोखने की क्षमता भी बढेगी। वहीं कार्बनिक पदार्थ भूमि में मिल जाएंगे जिससे अगली फसल को पोषक तत्वों ज्यादा मिलेंगे। वर्तमान समय में कृषि अधिकारियों की सलाह अनुसार की गई उन्नात खेती ज्यादा उत्पादन देने में सहायक होती है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एसके उपाध्याय ने बताया कि विकासखंड में अधिकांश खेत खाली है ऐसे में किसानों को चाहिए कि वह ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई जरूर करें।



**इस तरह करें जुताईः** श्री उपाध्याय ने कहा कि गर्मी की जुताई 15 से 20 सेंटीमीटर गहराई तक किसी भी मिट्टी पलटने वाले हल रिवर्सिबल एमबी प्लाऊ से ढलान की विपरीत करनी चाहिए। रिवर्सिबल एमबी प्लू के उपयोग करने से जुताई के समय खेत में नाली नहीं बनती है। साथ ही खेत की मेड पर अनावश्यक रूप से ट्रैक्टर चलाने में होने वाले समय एवं बिजली की बबार्दी रूकती है। खेत में मेड पर पहुंचने पर ट्रैक्टर घुमाने के साथ ही इसका बॉटमशीट घुमा लिया जाता है जिस मिट्टी पलटने की दिशा समान रहती है।

### कीट व्याधियों से मिलेगा लाभ

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एसके उपाध्याय का कहना है कि गर्मियों की जुताई को उपयुक्त समय यथासंभव रबी की फसल करते ही आरंभ कर देनी चाहिए। क्योंकि फसल कटने के बाद मिट्टी में थोडी नमी रहने से जुताई में आसानी रहती है। मिट्टी के बडे-बडे ढीले बनते हैं जिससे भूमि में वायु संचार बढता है जुताई के लिए प्रातः काल का समय सबसे अच्छा रहता है। क्योंकि कीटों के प्राकृतिक शत्रु पक्षी पक्षियों की सक्रियता इस समय अधिक रहती है अतः सुबह के समय में जुदाई करना सबसे ज्यादा लाभदायक होता है। सूर्य की भूमि के अंदर प्रवेश कर जाती जिससे भूमिगत हो जाते हैं। फसलों में लगने वाले भूमिगत रोग जैसे उखडा जड गलन के रोगाणु व सब्जियों की जडों में गांठ बनाने वाले सूत्र कर्मी भी नष्ट हो जाते हैं। गहरी जुताई से दुकान मोथा वाया सूरी आदि खरपतवारो से भी मुक्ति मिलती है। गर्मी की गहरी जुताई से खेत में उपलब्ध अन्य कार्बनिक पदार्थ भूमि में भली-भांति मिल जाते हैं जिससे अगली फसल को पोषक तत्व आसानी से शीघ्र उपलब्ध हो जाते हैं जुताई करने से खेत की भूमि में उपलब्ध पोषक तत्वों का नुकसान व मृदा अपरदन कम होता है। वही जब बरसात होती है तब खेत का पानी खेत में रह जाता है जो वह कर बेकार नहीं होगा तथा वर्षा जल के भाव द्वारा होने वाले भूमि कटाव में भारी कमी होती है खेत की मिट्टी में ढीले बन जाते हैं जिससे वर्षा जल सूखे की क्षमता बढ़ जाती है जिससे खेत में ज्यादा समय तक नमी बनी रहती है।